वर्ष : 17 अंक: 65 | आगरा | गुरुवार 19 जून 2025 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.



उत्तरप्रदेश ,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आज का तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

# देश को मिला पहला शैलो वाटर क्राफ्ट INS अर्णाला: महाराष्ट्र के किले से मिला नाम

### उथले पानी में दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाकर डिएक्टिवेट करेगा

**विशाखापट्टनम (ए.)।**






देश के पहले एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (ASW-SWC) INS अर्णाला का बुधवार को कमीशन हुआ। इसे विशाखापट्टनम के नेवी डॉकयार्ड में कमीशन किया गया। कार्यक्रम में चीफ गेस्ट के तौर पर CDS जनरल अनिल चौहान मौजूद रहे। महाराष्ट्र के वसई के ऐतिहासिक अर्णाला किले के नाम पर इसे यह नाम दिया गया है। यह जहाज हिंद महासागर में नौसेना की दमदार मौजूदगी के लिए डिजाइन किया गया है। जो उथले पानी में दुश्मन पनडुब्बियों का पता लगाने, ट्रैक और डिएक्टिवेट करेगा। INS अर्णाला को 8 मई को भारतीय नौसेना को सौंपा गया था। आज की कमीशनिंग सेरेमनी 16 ASW-SWC कैटेगरी के जहाजों में से पहले जहाज को भारतीय नौसेना में औपचारिक रूप से शामिल करने का प्रतीक रही। मेसर्स गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE) कोलकाता और मेसर्स L&T शिपबिल्डर्स के साथ पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) के तहत डिजाइन और बनाया गया अर्णाला डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भर भारत की सफलता का प्रमाण है। 15 जनवरी 2025 को तीन वॉरशिप INS सूरत (डिस्ट्रॉयर), INS नीलगिरि (स्टेल्थ फ्रिगेट) और INS वाघशीर (सबमरीन) कमीशन किए थे। पीएम मोदी ने कहा था कि इन तीनों अल्ट्रा-मॉर्डन वॉर शिप से नेवी की ताकत और बढ़ी है।

### भारतीय नौसेना कितनी मजबूत

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय नौ सेना के पास कुल 20 पनडुब्बियां हैं। इनमें 2 परमाणु-संचालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियां, एक परमाणु-संचालित अटैकर पनडुब्बी, 17 ट्रेडिशनल डीजल-इलेक्ट्रिक अटैकर पनडुब्बियां हैं। 13 विध्वंसक (Destroyers) जहाज हैं। इनके अलावा 15 फ्रिगेट्स, 18 कॉर्वेट्स, एक उभयचर परिवहन डॉक (INS जलाश्व), 4 टैंक लैंडिंग जहाज, 8 लैंडिंग क्राफ्ट यूटिलिटी, एक माइन काउंटरमेजर जहाज और 30 गश्ती जहाज हैं।

## अब 15 दिन में वोटर आईडी कार्ड देगा चुनाव आयोग: नई SOP रजिस्ट्रेशन और कार्ड में करेक्शन पर भी लागू

**नई दिल्ली (ए.)।**

अब वोटर लिस्ट में किसी भी अपडेट के 15 दिनों के अंदर लोगों को उनके वोटर आईडी कार्ड दे दिए जाएंगे। चुनाव आयोग ने बुधवार को कहा है कि उसने वोटर आईडी कार्ड देने के लिए नई प्रक्रिया शुरू की है, जिसमें नए रजिस्ट्रेशन या मौजूदा वोटर के जानकारी में बदलाव शामिल हैं। इसके अलावा वोटर्स को SMS भी मिलेंगे, जिससे उन्हें उनके कार्ड का अपडेट मिलता रहेगा। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक मतदाताओं को मतदाता




फोटो पहचान-पत्र (ईपीआईसी) वितरित करने में एक महीने से थोड़ा ज्यादा समय लगता है। नई प्रणाली इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर के ईपीआईसी जनरेट करने से लेकर डाक के जरिए वोटर तक कार्ड देने तक हर लेवल पर ट्रैकिंग करेगी।

### वोटिंग सेंटर्स की लाइव मॉनीटरिंग का भी ऐलान

इसके पहले 16 जून को आयोग ने ऐलान किया है कि वह वोटिंग प्रक्रिया की निगरानी बढ़ाने के लिए सभी मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग करेगा। बिहार विधानसभा चुनाव से यह फैसला लागू किया जाएगा। वेबकास्टिंग डेटा आयोग के इंटरनल यूज के लिए होगा। मतलब इसे सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। अभी तक 50% पोलिंग स्टेशन की ही वेबकास्टिंग की जाती थी।

## 3000 रुपए में एक साल के लिए फास्टैग:निजी गाड़ियां 200 बार टोल क्रॉस कर सकेंगी

**नई दिल्ली ( ए. )।** सरकार ने घोषणा की है कि अब फास्टैग के लिए सालाना पास का ऑप्शन भी मिलेगा। इसकी कीमत 3,000 रुपए होगी। 15 अगस्त से ये पास मिलने लगेगा। अभी केवल मंथली पास और जरूरत के हिसाब से रिचार्ज की सुविधा मिलती है। ये पास प्राइवेट व्हीकल्स जैसे कार, जीप, वैन के लिए है। ये एक साल के लिए या 200 टोल क्रॉस करने के लिए वैलिड होगा।



## CM फडणवीस बोले- स्टूडेंट के लिए हिंदी सीखने की अनिवार्यता को नए आदेश में हटा दिया है

**महाराष्ट्र (ए.)।**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि राज्य में छात्रों के लिए हिंदी सीखने की अनिवार्यता को एक नए आदेश में हटा दिया गया है, और अब किसी भी भारतीय भाषा को तीसरी भाषा के रूप में चुना जा सकता है। विवाद बढ़ने के बाद महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को एक आदेश जारी किया जिसमें कहा गया कि 1 से लेकर 5वीं तक के मराठी और अंग्रेजी मीडियम के स्कूलों में छात्रों को आमतौर पर तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को पढ़ाया जाएगा।



### ऑपरेशन सिंदूर पर मोदी-ट्रम्प की फोन पर 35 मिनट बात-पीएम बोले-

# भारत ने ना मध्यस्थता स्वीकारी थी, ना स्वीकारेंगे; सीजफायर PAK के कहने पर हुआ

**नई दिल्ली (ए.)।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से फोन पर बातचीत की, जो लगभग 35 मिनट तक चली। बातचीत के दौरान PM मोदी ने राष्ट्रपति ट्रम्प को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान PM मोदी ने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े किसी भी विषय में व्यापार से संबंधित कोई चर्चा नहीं हुई। उन्होंने दोहराया कि पाकिस्तान के कहने पर ही भारत ने सीजफायर किया था। भारत कभी किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करता और आगे भी नहीं करेगा। साथ ही, PM मोदी ने यह भी जोर देकर कहा कि अब भारत आतंकवाद की घटनाओं को प्रॉक्सी वॉर (परदे के पीछे की लड़ाई) नहीं, बल्कि सीधे युद्ध की कार्रवाई के रूप में देखेगा। भारत का ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है। विदेश सचिव ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने पीएम मोदी की तरफ से विस्तार में बताई गई बातों को समझा और आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के प्रति समर्थन जताया।



### G7 में होनी थी मोदी-ट्रम्प की मुलाकात, लेकिन हुई नहीं

PM मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प की मुलाकात G7 के इतर होनी तय थी, लेकिन ट्रम्प को 17 जून को G7 छोड़कर अमेरिका लौटना पड़ा। इस कारण ये मुलाकात नहीं हो सकी। इसके बाद ट्रम्प के कहने पर दोनों नेताओं की फोन पर बात हुई। बातचीत करीब 35 मिनट चली। 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद राष्ट्रपति ट्रम्प ने फोन पर पीएम मोदी से शोक संवेदना जताई थी और आतंक के खिलाफ समर्थन जताया था। इसके बाद दोनों नेताओं 18 जून को यह पहली बातचीत थी। इसलिए पीएम मोदी ने राष्ट्रपति ट्रम्प ने ऑपरेशन सिंदूर पर विस्तार से बात की।

### भारत ने पाकिस्तान में सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया

मिसरी ने ये भी बताया कि पीएम मोदी ने ट्रम्प को यह स्पष्ट रूप से कहा कि 22 अप्रैल के बाद भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने का अपना दृढ़ संकल्प पूरी दुनिया को बता दिया था। भारत ने 6-7 मई की रात को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (PoK) में सिर्फ आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया था। भारत के एक्शन बहुत ही मेजर्ड (नपे-तुले), प्रिसाइज (सटीक) और नॉन-एस्केलेटरी थे। साथ ही भारत ने ये भी स्पष्ट कर दिया था कि पाकिस्तान की गोली का जवाब हम गोले से देंगे।

### पाकिस्तान ने सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील की थी

विदेश सचिव मिसरी ने ये बताया कि 9 मई की रात को अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पीएम मोदी को फोन किया था। वेंस ने कहा था कि पाकिस्तान, भारत पर बड़ा हमला कर सकता है। पीएम मोदी ने उन्हें साफ शब्दों में बताया था कि यदि ऐसा होता है तो भारत, पाकिस्तान को उससे भी बड़ा जवाब देगा।

### 18 राज्यों में बारिश का अलर्ट

## राजस्थान और उत्तर प्रदेश में मानसून की एंट्री: केदारनाथ मार्ग पर लैंडस्लाइड से 2 की मौत

**नई दिल्ली(ए.)।**

राजस्थान और उत्तर प्रदेश में आज मानसून की एंट्री हो गई। राजस्थान के बाड़मेर, जोधपुर, जयपुर समेत 13 जिलों में मानसून ने प्रवेश किया है। इस बार मानसून तय समय से 7 दिन पहले आया है। वहीं उत्तर प्रदेश के ललितपुर, सोनभद्र के रेणुकूट और चोपन में मानसून एक्टिव हो गया है। चार साल बाद मानसून ने अपने तय



समय 18 जून को एंट्री की है। मंगलवार को मानसून बिहार-झारखंड पहुंचा था। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में केदारनाथ यात्रा मार्ग पर बुधवार सुबह तेज बारिश के चलते लैंडस्लाइड हुई। इसमें दो लोगों की मौत हो गई है जबकि तीन लोग घायल हुए हैं। घायल यात्रियों को कंडी के माध्यम से गौरीकुंड भेजा गया है।

इधर, गुजरात में भी मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। सोमवार से हो रही भारी बारिश के कारण बोटाद जिले में बाढ़ जैसे हालात है। यहां 40 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। वहीं भावनगर में एक कार नदी में बहने से पांच लोग लापता हो गए हैं।

## सोनम के मां-भाई से शिलॉन्ग पुलिस की पूछताछ: सोनम ने एक नंबर पर 119 बार बात की

### यूपी में आरोपी राज की दादी की मौत

**इंदौर**

ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी मर्डर केस में नई जानकारी सामने आई है। पता चला है कि सोनम दो मोबाइल नंबरों का उपयोग करती थी। कॉल डिटेल के मुताबिक, एक नंबर पर उसकी मार्च



माह के 25 दिन में 119 बार बातचीत हुई है। कई बार लंबी बातचीत भी की गई है। हालांकि, शिलॉन्ग पुलिस ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस की एक टीम बुधवार दोपहर करीब 1.34 बजे इंदौर में सोनम के घर पहुंची। तीन पुलिस अधिकारियों ने उसकी मां और भाई गोविंद से बंद कमरे में पूछताछ की। सोनम के भाई गोविंद बताया कि- पुलिस ने सोनम के व्यवहार के बारे में पूछताछ की। सूटकेस में रखा उसका सामान भी खोलकर देखा। केस में एक नया नाम सामने आने के सवाल पर गोविंद ने कहा- इसका मुझे आइडिया नहीं है। बता दें, यही पुलिस अधिकारी कल राजा रघुवंशी के घर भी गए थे।

## इंडिगो फ्लाइट में फंसे पूर्व CM- मेयर समेत कई पैसेंजर: भूपेश बघेल बोले- 40 मिनट तक नहीं खुला गेट

### दिल्ली से रायपुर आई थी फ्लाइट

**रायपुर (ए.)।**

दिल्ली से रायपुर पहुंची इंडिगो की फ्लाइट में मंगलवार को एक बड़ा टेक्निकल फॉल्ट हो गया। एयरपोर्ट पर फ्लाइट लैंड तो हो गई, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। गेट लॉक होने से करीब 40 मिनट तक यात्री फ्लाइट के अंदर ही बंद रहे। इस फ्लाइट में पूर्व मुख्यमंत्री



भूपेश बघेल, कांग्रेस विधायक चातुरी नंद और रायपुर मेयर मीनल चौबे समेत कई यात्री मौजूद थे।

## दिल्ली क्लासरूम घोटाले में ED की कार्रवाई, 37 जगहों पर छापेमारी

**नई दिल्ली (ए.)।**

दिल्ली में क्लासरूम निर्माण घोटाले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने बुधवार को ठेकेदारों और निजी कंपनियों के 37 ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी दिल्ली पुलिस



की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (ACB) की ओर से दर्ज की गई FIR पर की गई है। FIR में दिल्ली सरकार के तात्कालीन मंत्रियों के खिलाफ भी आरोप हैं। इन पर दिल्ली के अलग-अलग स्कूलों में अतिरिक्त क्लासरूम बनाने के दौरान घोटाले और गड़बड़ी करने का आरोप है।

## ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई बोले- सरेंडर नहीं करेंगे: अमेरिकी दखल मंजूर नहीं

### ईरान के नागरिकों को वॉट्सएप डिलीट करने के आदेश, इजराइली हमले में 585 की मौत

**तेहरान/तेल अवीव (ए.)।**

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने बुधवार को अपने एक मैसेज में कहा कि अमेरिका सुन ले, हम सरेंडर नहीं करेंगे। खामेनेई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चेतावनी देते हुए कहा, अगर इजराइल के खिलाफ जंग में अमेरिकी सेना ने



दखल दिया, तो अंजाम बुरा होगा।

खामेनेई का यह मैसेज ईरान की नेशनल टीवी पर प्रेजेंटर ने पढ़ा। खामेनेई ने कहा, जो लोग ईरान का इतिहास जानते हैं, उनको पता है कि ईरानी किसी की धमकियां नहीं सुनता।

इजराइल ने बहुत बड़ी गलती की है और उसे इसकी सजा मिलेगी। ईरान थोपी गई शांति या युद्ध को नहीं मानेगा।

इससे पहले खामेनेई ने मंगलवार देर रात इजराइल के खिलाफ जंग का ऐलान किया था। उन्होंने X पर लिखा- जंग शुरू होती है। हम आतंकी इजराइल को कड़ा जवाब देंगे। उन पर कोई दया नहीं दिखाएंगे। इस ऐलान के बाद ईरान ने इजराइल पर 25 मिसाइलें दागीं।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
स्थानीय संपादक- संतोष शर्मा मो.97202 02708, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।

# खेत में काम करते समय श्रमिक दंपति की आकाशीय बिजली से मौतः चार बच्चों पर टूटा दुखों का पहाड़

## चित्राहाट क्षेत्र के पई गांव में दिल दहला देने वाली घटना, गांव में पसरा मातम

सांध्य पहल संवाददाता





**आगरा।** जनपद के थाना चित्राहाट क्षेत्र के गांव पई में मंगलवार शाम एक हृदय विदारक घटना में आकाशीय बिजली गिरने से एक मजदूर दंपति की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब दंपति खेत में मूंग की फसल काटने का कार्य कर रहा था।प्राप्त जानकारी के मुताबिक, हरि सिंह (45) पुत्र डालचंद और उनकी पत्नी कांति देवी (42) गांव पई निवासी हैं। यह दंपति गांव के ही एक किसान के खेत में मजदूरी पर गए थे, जहां वे मूंग की फसल काट रहे थे। इसी दौरान मौसम अचानक बदला और तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली दंपति पर आ गिरी। बिजली गिरने से दोनों बुरी तरह झुलस गए और घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। तेज आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो वहां का दृश्य देख स्तब्ध रह गए। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया। मृतक दंपति अपने पीछे चार बच्चों को बेसहारा छोड़ गए हैं। बड़ी बेटी सोनम की कुछ दिन पहले ही शादी हुई थी, जबकि तीन बेटे सोमराज (16), संगम (15) और प्रशांत (12) अब माता-पिता की छाया से वंचित हो गए हैं। बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। यह हादसा क्षेत्रवासियों को गहरे आघात दे गया है। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक परिवार अत्यंत गरीब था और खेतों में मजदूरी कर जीवन यापन करता था। गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। हर आंख नम है और हर दिल द्रवित।

# योगा ड्राइंग प्रतियोगिता से दिया जाएगा योग का सन्देश



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** शमशाबाद रोड स्थित श्रीराम फार्म हाउस में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दो दिवसीय महोत्सव के पहले दिन योग को समर्पित संस्था समत्व फाउंडेशन द्वारा 20 जून को प्रातः 6 बजे से योगा पोस्टर एवं ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 8 वर्ष से 15 वर्ष की आयु के बच्चे भाग ले रहें हैं। कार्यक्रम की संयोजिका कमलेश शुक्ला ने इस अनौखे कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि समत्व फाउंडेशन योग को समर्पित संस्था है हम हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को महोत्सव के रूप में मनाते आ रहे हैं इस बार बच्चों को भी योग के प्रति रुचि बढ़ाने और योग का महत्व समझाने के लिए ड्रॉइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया है इस प्रतियोगिता में अलग अलग आसन की आकृति बनाकर योग के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। आज कल के दूषित खान-पान जंक फूड इत्यादि के कारण बच्चों में बीमारियां आ रही है। जल्दी चश्मे लग जाते है कॉन्वेंट कल्चर का प्रेशर बच्चे झेल नही पा रहें है इसलिए हमें बच्चो को भी योग से जोड़ना पड़ेगा। प्रतियोगिता में चयनित श्रेष्ठ तीन बच्चो को 21 जून के मुख्य कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा और सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट एवं किट दी जाएगी। बीना सिंह आकृति अनिष्का आदि कार्यक्रम की सह संयोजिका नियुक्त की गई हैं।

# आगरा को जाम से मिलेगी निजातः फाउंड्री नगर में नया बस अड्डा तैयार

- फाउंड्री नगर बस अड्डे का 80त्न काम पूरा, आईएसबीटी से 300 बसें होंगी शिफ्ट
- शहर में 40% बस दबाव होगा कम, यातायात होगा सुगम, यात्रियों को होगी सुविधा

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** शहर में बढ़ते वाहनों के दबाव और लगातार लगने वाले जाम से निपटने के लिए योगी सरकार के द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। फाउंड्री नगर में एक नए बस अड्डे का निर्माण तेजी से अंतिम चरण में है, जिसका 80 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो चुका है। इस नए बस अड्डे से हाथरस, अलीगढ़, एटा, बरेली और मेरठ सहित अन्य रूटों की बसों का संचालन किया जाएगा। जिससे शहर में रोडवेज बसों का दबाव लगभग 40 प्रतिशत तक कम होने की उम्मीद है। यह कदम शहर के यातायात को व्यवस्थित करने में मील का पत्थर साबित होगा। यूपी रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक आगरा परिक्षेत्र बीपी अग्रवाल ने बताया कि अगले महीने से हाथरस, अलीगढ़, मेरठ, एटा, बरेली, देहरादून सहित अन्य रूटों की ये 300 बसें नए बस अड्डे फाउंड्री नगर से ही संचालित की जाएंगी। इसी तरह, संबंधित रूटों से आगरा आने वाली बसें भी यहीं रुकेंगी और शहर के अंदर प्रवेश नहीं करेंगी। इन बसों के शहर में प्रवेश न करने से वाहनों का दबाव काफी कम हो जाएगा, जिससे मुख्य चौराहों और बाईपास पर लगने वाले जाम से जनता को बड़ी राहत मिलेगी। यह परियोजना आगरा को एक सुगम और जाम- मुक्त शहर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा बस अड्डा**

बीपी अग्रवाल ने बताया कि नए बस अड्डे को यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नए सिरे से बनाया जा रहा है। यहां पर यात्री टिकट एवं पूछताछ काउंटर, बसों को संचालित करने वाले कर्मचारियों के लिए कार्यालय, यात्रियों के लिए पर्याप्त शेड और बैठने की सीटें आदि सुविधाओं का निर्माण किया गया है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस महत्वाकांक्षी योजना पर यातायात पुलिस, आरटीओ और रोडवेज तीनों मिलकर काम कर रहे हैं। बंद पड़े पुराने फाउंड्री नगर डिपो को नए सिरे से मिनी बस अड्डे के रूप में विकसित करना इसी रणनीति का हिस्सा है। वर्तमान में हाथरस, अलीगढ़, कासगंज, बरेली, मेरठ और देहरादून रूट पर प्रतिदिन लगभग 300 बसें ट्रांसपोर्ट नगर अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) से संचालित होती हैं। ये बसें ट्रांसपोर्ट नगर फ्लाईओवर अंडरपास, भगवान टॉकीज चौराहा, अबु उल्लाह दरगाह कट और वाटर वर्क्स चौराहे जैसे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर रुक कर सवारियां लेती हैं, जिससे बाइपास पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है।

# महिलाओं को सशक्त बनाने और नई राह दिखाने के उद्देश्य से नव ज्योति मेला समिति कर रही दो दिवसीय मेले का आयोजन

## मेले का शुभारंभ 12जुलाई को नगर के कृष्णा मैरिज होम के विशाल हॉल में होगा। जो 13जुलाई को समाप्त होगा

सांध्य पहल संवाददाता



**मैनपुरी।** कृष्णा मैरिज होम के विशाल हॉल में महिलाओं को सशक्त बनाने और नई राह दिखाने के उद्देश्य से नव ज्योति मेला समिति 12और 13जुलाई को दो दिवसीय मेले का आयोजन कर रही है। नव ज्योति मेला समिति की संस्थापक बसंती तापड़िया ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य समिति पिछले दो वर्षो से इस मेले का आयोजन कर रही है। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 जुलाई से दो दिवसीय मेले का आयोजन कृष्णा मैरिज होम के विशाल हॉल में आयोजित हो रहा जिसमें उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ दिल्ली पंजाब आदि राज्यों से महिलाएं अपनी स्टॉल लगाने के लिए मेले में शामिल होने जा रही है। वहीं मेला समिति की सदस्य श्रुति महेश्वरी ने बताया मेला लगाने का हमारा उद्देश्य है कि हम उन महिलाओं को मेले के माध्यम सामने लाने का प्रयास कर रहे जो महिलाएं घर पर कामकाज के बाद कुटीर उद्योग में रुचि रख कर विभिन्न प्रकार के उत्पाद का निर्माण करती है लेकिन उन्हें एक अच्छा बाजार और पहचान नहीं मिल पाती है जिसकी वजह से उनके उत्पाद को न तो पहचान मिल पाती और न बाजार इस मेले में जब उनकी स्टॉल लगेगी तो उन्हें अपने उत्पाद का सही मूल्य और पहचान हासिल होगी। नव ज्योति मेला समिति की सदस्य रिया तपाड़िया ने बताया 12ओर 13 जुलाई को नव ज्योति मेला समिति कृष्णा मैरिज होम के विशाल हॉल में दो दिवसीय मेले का आयोजन कर रही है ये मेला पिछले दो वर्ष से लगाया जा रहा जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को जागरूक कर सशक्त बनाने की एक नई राह है। उन्होंने कहा कि कोविड में हमारी बहनों ने परिवार को चलाने के लिए अत्यधिक संघर्ष कर जो ग्रोथ की और अपने पारिवारिक कार्यों से समय निकालकर गृह उद्योग द्वारा विभिन्न प्रकार के उत्पाद बनाने का कार्य किया।लेकिन उन्हें अपने उत्पाद का सही मूल्य और पहचान नहीं मिल पाई ऐसी महिलाओं को मेले में स्टॉल लगाने के लिए प्रेरित कर उन्हें उत्पाद का सही मूल्य और पहचान दिलाने के लिए नव ज्योति मेला समिति एक सार्थक प्रयास कर रही।12 जुलाई को इस मेले का शुभारंभ होगा जिसमें शहर के प्रतिष्ठित लोगों को आमंत्रण भेजा जाएगा।उन्होंने जनपद के सभी नागरिकों से अपील की हे मेले में शामिल होकर बाहर से आई इन महिलाओं को सशक्त बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें मेला दोपहर 12 बजे से रात 9बजे तक चलेगा जिसमें बच्चों और महिलाओं के लिए गेम,लकी डॉ आदि के कार्यक्रम होगें। मेले में प्रमुख रूप से कोटा की मशहूर साड़ियां, बॉम्बे की चादर, रायपुर की कोटन सूट सूरत से गुजराती कुर्ता पाजामा, फर्रुखाबाद की नमकीन, आगरा होम डेकोर, फिरोजाबाद की चूड़ियां, मेरठ के सूट व साड़ियां आदि की स्टॉल लगाई जाएंगी।

# सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता डॉ ललित चाहर ने आगरा में उच्च न्यायालय बेंच स्थापित करने का अनुरोध किया

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** सर्वोच्च न्यायापालिका के सर्वोच्च न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गंवई जी से सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता डॉ ललित चाहर ने आगरा के लिए वार्ता करते हुए आगरा में उच्च न्यायालय की एक नई बेंच स्थापित करने का अनुरोध किया और कहा आगरा में एक नई बेंच स्थापित होने से क्षेत्र में न्याय तक पहुंच आसान हो जाएगी और संभावित रूप से रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता ललित चाहर ने कहा न्याय तक पहुंच में सुधार- एक नई बेंच की स्थापना से लोगों को अपने मामलों की सुनवाई के लिए दूर-दराज के शहरों में यात्रा करने की आवश्यकता कम हो जाएगी। इससे समय और पैसे की बचत होगी, और न्याय अधिक सुलभ होगा। सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता ललित चाहर ने बताया यह उन लोगों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होगा जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं या जिनके पास यात्रा करने के साधन नहीं हैं।

**रोजगार सृजन :**

एक उच्च न्यायालय की बेंच की स्थापना से कानूनी पेशेवरों (जैसे वकील, मुंशी, आदि) और अन्य सहायक कर्मचारियों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इसके अलावा, बेंच के आसपास के क्षेत्र में अदालती कार्यवाही से संबंधित व्यवसायों (जैसे होटल, रेस्तरां, आदि) को भी लाभ होगा, जिससे और अधिक रोजगार सृजित होंगे। इसके अतिरिक्त, न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आएगी, जिससे मामलों का तेजी से निपटान होगा, जिससे व्यवसायों और व्यक्तियों को लाभ होगा।

**डॉ ललित चाहर ने बताया और भी अन्य लाभः**

एक नई बेंच क्षेत्र के विकास को बढ़ावा दे सकती है, क्योंकि यह क्षेत्र में कानूनी और न्यायिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी। यह क्षेत्र में निवेश को भी आकर्षित कर सकती है, क्योंकि यह निवेशकों को यह विश्वास दिलाएगी कि क्षेत्र में एक मजबूत कानूनी प्रणाली मौजूद है। सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता डॉ ललित चाहर ने संक्षेप में कहा, एक उच्च न्यायालय की बेंच की स्थापना एक क्षेत्र के लिए कई लाभ ला सकती है, जिसमें न्याय तक बेहतर पहुंच और रोजगार के नए अवसर शामिल हैं।

# आगरा में समपार फाटक संख्या- 77 पर बन रहे आरओबी का कार्य प्रगति पर

## आरओबी बनने के बाद शहर के लोगो को मिलेगा फ़ायदा

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल के निर्देशन में रेल यातायात को बेहतर और सुरक्षित बनाने की दिशा में रेलवे का एक महत्वपूर्ण कदम है7 आगरा में समपार फाटक संख्या - 77 पर बन रहे आरओबी के पिलर/पाइल केज (फाउंडेशन) का काम प्रगति पर है। तीनों फाटकों ( 75,77 व् 496 ) पर आरओबी बनने के बाद स्थानीय लोगों और यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। आरओबी बनने से सड़क और रेल यातायात दोनों में सुधार होगा, आरओबी बनने से लोगों को फाटक बंद होने के कारण लगने वाले समय की बचत होगी। यह कार्य 116.57 करोड़ की लागत से पूर्ण होगा 7 यह कार्य जून -2026 तक पूर्ण होने की सम्भावना है। रेलवे की दीर्घकालिक नीति के हिसाब से आगरा शहर में सभी रेल फाटक खत्म किए जाने हैं। आरओबी बनने के बाद शहर के लोगो को मिलने वाले फायदे रुई की मंडी पर आरओबी न होने पर पूरे दिन जाम के हालात रहते हैं। कई सालों से आरओबी बनाने की मांग की जा रही थी। रेलवे द्वारा रेलवे फाटक की वजह से होने वाली परेशानी और जाम को खत्म करने के लिए आरओबी का निर्माण किया जा रहा है । इस आरओबी के निर्माण से क्षेत्रीय जनता के साथ समस्त आगरा की जनता स्कूल के बच्चो को लाभ पहुंचेगा। उन्हें जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी इस फ्लाई ओवर के बनने से तीन रेलवे क्रासिंग खत्म हो जाएंगी। आरओबी बनने के बाद रूई की मंडी रेल फाटक की ओर से शाहगंज की ओर जाने वाला ट्रैफिक आधे से भी कम रह जाएगा। बोदलाजयपुर की तरफ जाने वाले वाहन ही शाहगंज बाजार से -गुजरेंगे। लोकल खरीददारी करने वाले लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी और दुकानदारों को भी फायदा होगा। रेलवे पहली बार सड़क यात्रियों के तीन तरफ उतरने वाला फ्लाईओवर बना रहा है।

# केंद्रीय मंत्री प्रो. बघेल ने आगरा एयरपोर्ट निर्माणाधीन सिविल टर्मिनल का किया निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश

## सभी बाधाएं दूर, जुलाई 2026 तक आगरा को मिलेगी सिविल एयरपोर्ट की सौगात, फाउंडेशन का कार्य पूर्ण, युद्धस्तर पर निर्माण कार्य जारी

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** केंद्रीय मंत्री प्रो.एसपी सिंह बघेल जी की अध्यक्षता में नव गठित आगरा एयरपोर्ट सलाहकार समिति के सदस्यों के साथ खेरिया एयरपोर्ट पर प्रथम समीक्षा बैठक संपन्न हुई तत्पश्चात सलाहकार समिति के सदस्यों के साथ निर्माणाधीन सिविल टर्मिनल धनौली का निरीक्षण किया। प्रो0 एस0पी0 सिंह बघेल, माननीय सांसद एवं राज्य मंत्री मत्स्य पशुधन दुग्ध एवं पंचायती राज की अध्यक्षता में खेरिया एअर पोर्ट सभागार में आगरा हवाई अड्डा सलाहाकार समिति के सदस्यों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारम्भ मा0 मंत्री महोदय द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। बैठक में आगरा हवाई अड्डा सलाहाकार समिति समिति के सदस्यगण, जिला प्रशासन, वायु सेना, केंद्रीय अद्योगिक सुरक्षा बल, इंडिगो एयरलाइन्स, शंख एयरलाइन्स के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। श्री योगेन्द्र सिंह तोमर, निदेशक विमानपत्तन/ संयोजक ए.ए.सी. द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत किया और उनके मार्गदर्शन में उक्त सफल आयोजन हुआ. उपरोक्त बैठक में मंत्री महोदय एवं अन्य सदस्यों ने शंख एयरलाइन्स से अन्य सेक्टर गुवाहाटी, शिलांग, कोलकता, जम्मू, सूरत, चेन्नई के लिए उड़ान शुरू करने का सुझाव दिया गया तथा न्यू सिविल एन्क्लेव, धनौली की एप्रोच रोड को जल्द बनाये जाने हेतु जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया। श्री अनूप चन्द्र श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (अभि.)/प्रोजेक्ट प्रभारी ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा न्यू सिविल एन्क्लेव का विवरण एवं निर्माण कार्य प्रगति से अवगत कराया। मंत्री महोदय प्रोजेक्ट की कार्य प्रगति से संतुष्ट हुए और प्रोजेक्ट को समयबद्ध रूप से जुलाई 2026 तक पूर्ण करने के लिए कहा गया। यदि प्रोजेक्ट में कोई बाधा आती है तो इसे शीघ्र दूर करने का मंत्री महोदय ने आश्वासन दिया गया। इसके अतिरिक्त मंत्री महोदय ने जिलाधिकारी, आगरा को धनौली गांव को जाने वाले वर्तमान रोड के विपथन का कार्य एवं नाला का निर्माण शीघ्र पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया जिससे एप्रोच रोड एवं न्यू टर्मिनल बिल्डिंग में बरसाती/बाढ़ का पानी न जाए। साथ ही मंत्री महोदय ने वेटिंग लाउंज से यात्रियों के सुविधा हेतु गोल्फ कार्ट आगरा विकास प्राधिकरण से सीएसआर के तहत उपलब्ध कराने का सुझाव दिया। वेटिंग लाउंज का नामकरण शहीद पृथ्वी सिंह चौहान के नाम पर करने का प्रस्ताव भी समिति द्वारा पारित किया गया। मंत्री महोदय एवं समिति के सदस्यों ने नवीन एयरपोर्ट निर्माण स्थल धनौली गांव को नगर निगम की परिधि में लाए जाने का भी प्रस्ताव परित किया जिससे कि एयरपोर्ट के आस-पास के एरिया का सर्वांगीण विकास हो सके। बैठक के उपरान्त मा0 महोदय ने एयरपोर्ट सलाहकार समिति के सदस्यों के साथ निर्माणाधीन सिविल टर्मिनल का निरीक्षण किया। मा0 मंत्री को निरीक्षण में निदेशक, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया योगेंद्र सिंह तोमर जी ने जानकारी देते हुए बताया कि 1400 यात्रियों की क्षमता युक्त वातानुकूलित टर्मिनल भवन के साथ, जी2 मंजिला मल्टी-लेवल कार पार्किंग,19 यात्री चेक-इन सुविधा काउंटर्स स्थापित होंगे, यात्री टर्मिनल भवन में यात्रियों के लिए डिजी यात्रा और सेल्फ चेक-इन सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी तथा 09 विमानों की पार्किंग क्षमता वाला एप्रन होगा निदेशक एयरपोर्ट अथॉरिटी ने जानकारी देते हुए बताया कि ळत्प्ए-ट रेटिंग प्राप्त पर्यावरण अनुकूल ग्रीन बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है जिसमें हरित ऊर्जा उत्पादन हेतु 500 ज्ञ्ॅच् क्षमता वाला सोलर पावर प्लांट भी स्थापित किया जाएगा, यात्रियों की सुविधा हेतु इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग हेतु 33 चार्जिंग पॉइंटस भी बनाया जाना प्रस्तावित है।

टर्मिनल भवन से एयरक्राफ्ट में सीधे प्रवेश हेतु यात्री बोर्डिंग सुविधा भी होगी। मा. मंत्री महोदय ने कार्यदाई संस्था मेसर्स केएसएमबी ग्लोब प्रोजेक्ट्स के अधिकारियों का निर्देशित किया कि सिविल टर्मिनल की सभी बाधाएं दूर हो गई हैं फाउंडेशन का कार्य भी पूर्ण है, युद्ध स्तर पर कार्य पूर्ण समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें।

# किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए सम्पन्न हुआ किसान दिवस

## विभिन्न विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में उठी ज्वलंत समस्याएं



**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन के निर्देशानुसार बुधवार को किसान कल्याण केन्द्र क्वार्सी फार्म परिसर में किसान दिवस का आयोजन उप कृषि निदेशक चौधरी अरुण कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में कृषि, विद्युत, सिंचाई, बीमा, खाद्य, बैंकिंग एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ जनपद के प्रमुख कृषक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ0 अशरफ अली द्वारा मक्का, उर्द, मूंग एवं धान जैसी फसलों में कीट प्रबंधन पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रयोग के लिए जागरूक किया गया। बैठक के दौरान कृषकों द्वारा कई महत्वपूर्ण समस्याएं एवं सुझाव रखे गए, जिनमें प्रमुख रूप से वीरेन्द्र कुमार द्वारा गांवों में जर्जर विद्युत लाइनों को बदलवाने, चौधरी नवाव सिंह पूर्व महासचिव भारतीय किसान यूनियन द्वारा मक्का एवं बाजरा का समर्थन मूल्य बढ़ाने एवं खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए मक्का, बाजरा की खरीद 01 जून से प्रारम्भ करने, मोहनलाल द्वारा निजी नलकूप उपभोक्ताओं को 1045 यूनिट से अधिक बिजली खपत पर यथोचित बिल देने की मांग, भगवती प्रसाद शर्मा द्वारा नकली बीज एवं कीटनाशकों की बिक्री रोकने के लिए छापेमारी की मांग, धान की रोपाई के दौरान बिजली आपूर्ति बढ़ाने का आग्रह, किसान क्रेडिट कार्ड से संबंधित खतौनी बंधन मुक्ति की समस्या, फसल बीमा के विकल्प एवं क्षतिपूर्ति संबंधी प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की गई। बैंक प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि केसीसी जमा करने के उपरांत ऑनलाइन माध्यम से तहसील पोर्टल पर खतौनी बंधनमुक्त करने के लिए अग्रसारित किया जाता है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 29/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाइन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है।

**क्र.सं. 1:–कार्य का विवरणः** स्वीकृत ट्रैक नवीनीकरण कार्यों (टी.आर.आर, आई.एस.डी, टी.टी.आर. एवं डीस्ट्रेसिंग कार्य आदि) के अर्न्तगत रेल की वेल्डिंग के लिए आर.डी.एस.ओ. द्वारा अनुमोदित एल्युमिनो थर्मिक वेल्डिंग पोर्शन का निर्माण एवं आपूर्ति तथा ए.टी. वेल्डिंग का निष्पादन। अनुमानित लागत रूपयों मेंः ₹1,36,25,561.59 बयाना राशि रूपयों मेंः ₹2,18,100/– निविदा प्रपत्र का मूल्य–शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।

1. ई– निविदा दिनांक 10.07.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई–निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी0), इज्जतनगर

मुजाधि/डब्लू–124

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# खंदौली प्रधान के खिलाफ तहसील न्यायालय ने दिया बेदखल कर जुर्माने का आदेश

## मामला- ग्राम सभा की भूमि पर अवैध मकान निर्माण का

**आगरा।** ग्राम पंचायत खंदौली के प्रधान राजीव गिरि पुत्र हरिगिरि ने ग्राम पंचायत के मौजा मुन्डीजहॉगीरपुर स्थित ग्राम सभा की भूमि पर जो मौके पर खाद के गड्ढे की भूमि गादा सं. 335 रकवा 0.0494 पर अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण कर ग्राम सभा की भूमि को छति पहुँचाई थी जिसकी शिकायत स्थानीय लोगो ने तहसीलदार को कर तहसील न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया गया था। माननीय तहसील न्यायालय ने वाद प्रस्तुत होने के बाद न्यायालय ने लेखपाल के कथन दिनांक 26.7.2023 को दिए गए लेखपाल अपने कथनो एवं प्रस्तु रिपोर्ट में बताया कि मौजा मुनडीजहॉगीरपुर स्थित ग्राम सभा की भूमि जो मौके पर खाद के गड्ढे की भूमि पर राजीव गिरि पुत्र हरिगिरि निवासी मुन्डीजहॉगीरपुर तहसील एत्मादपुर आगरा द्वारा अवैध कब्जा करके ग्राम सभा की भूमि को छति पहुँचाई गई है। इसके बाद माननीय न्यायालय ने प्रतिवादी पक्ष को भी सुना गया। माननीय न्यायालय ने वाद संख्या 3015/2023 के निराकरण करते हुए अपने फैसले में कहा कि न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य एवं उभयपक्षों की तर्कपूर्ण बहस सुनी गई। अधोहस्ताक्षरी द्वारा स्वंय मौजा मुन्डीजहॉगीरपुर स्थित ग्राम सभा की भूमि जो मौके पर खाद के गड्ढे की भूमि होना पाया गया। इस भूमि पर राजीव गिरि पुत्र हरिगिर निवासी मुन्डीजहॉगीरपुर तहसील एत्मादपुर आगरा के ग्राम सभा की भूमि पर कब्जा पाया गया है जो लेखपाल ने द्वारा अपने अपने बयानो में स्पष्ट किया है। तहसील न्यायालय ने आदेश दिया कि राजीव गिरि पुत्र हरिगिरि को बेदखल किया जाता है। साथ ही क्षतिपूर्ति हर्जाना के रूप में 14535 रूपये व 8/- रूपये निष्पादन व्यय का अर्थदण्ड आरोपित किया गया है। लेकिन माननीय न्यायालय के आदेश को तीन माह होने के बाद भी आदेश का अमल नही हुआ है।

स्थानीय लोगों ने कहा कि प्रदेश सरकार अवैध कब्जा करने वालो एवं भू माफ़ियाओ के खिलाफ कार्यवाही कर रही है। वही ग्राम पंचायत का जिम्मेदार प्रधान होने के बावजूद भी पंचायत की शासकीय भूमि पर कब्जा किया जा रहा हैं और बेदखली के आदेश के वाद भी उसके खिलाफ कोई कार्यवाही न होना प्रदेश सरकार की कार्यवाही में प्रश्न चिन्ह खडा करता है।

# राजस्व अभिलेखों के डिजिटाइजेशन का कार्य तेज़ी से प्रगति पर, जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कैम्प कार्यालय पर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करने के उपरांत कलैक्ट्रेट स्थित राजस्व अभिलेखागार में चल रहे राजस्व अभिलेखों के डिजिटाइजेशन कार्य का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि समस्त अभिलेखों का डिजिटाइजेशन कार्य उच्चतम गुणवत्ता एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को राजस्व व्यवस्था में व्यापक पारदर्शिता, त्वरित अभिलेख उपलब्धता एवं ई-गवर्नेंस की दिशा में मील का पत्थर बताते हुए सभी संबंधित अधिकारियों एवं तकनीकी टीम को कार्य को समय से पूर्व पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने राजस्व अभिलेखों के डिजिटाइजेशन कार्य की मॉनिटरिंग के लिए चार सदस्यीय टीम- एडीएम ई, एसटीओ, प्रभारी अधिकारी रिकॉर्ड रूम एवं ईडीएम का गठन कर कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। डिजिटाइजेशन कार्य की निगरानी कर रहे अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज कुमार ने बताया कि ब्लिस आईटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से लगभग एक माह पूर्व से डिजिटाइजेशन कार्य आरंभ किया गया है। अब तक ढाई लाख से अधिक पृष्ठों की स्कैनिंग का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है।

## आकाशीय बिजली गिरने से देव बाबा मंदिर की बुर्जी क्षतिग्रस्त, कलश टूटकर गिरा



साध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** फतेहपुर सीकरी राजस्थान सीमा से सटे ग्राम सिरौली में पहाड़ी पर स्थित प्राचीन देव बाबा मंदिर को मंगलवार दोपहर आकाशीय बिजली का कहर झेलना पड़ा। तेज बिजली की गड़गड़ाहट और बारिश के बीच, मंदिर की लगभग 50 फीट ऊंची बुर्जी के ऊपर स्थापित कलश पर बिजली गिरने से वह टूटकर नीचे गिर गया और बुर्जी भी क्षतिग्रस्त हो गई।

**प्राचीन मंदिर का हुआ था जीर्णोद्धार**

पूर्व प्रधान अजीत सिंह ने बताया कि ग्राम सिरौली में पहाड़ी पर स्थित यह देव बाबा मंदिर काफी प्राचीन है। इसका जीर्णोद्धार वर्ष 2018 में कराया गया था। मंदिर स्वयं लगभग 40 फीट ऊंची पहाड़ी पर स्थित है, और उसके ऊपर यह 50 से 60 फीट ऊंची बुर्जी बनी हुई थी, जिस पर कलश स्थापित था। मंगलवार अपराह्न हुई इस घटना में आकाशीय बिजली सीधे कलश पर गिरी, जिससे मंदिर के इस हिस्से को काफी नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है।

## ग्रामीणों को मिली पोखर के गन्दे पानी से निजात



साध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** किसान मजदूर नेता चौधरी दिलीप सिंह ने प्रभावित ग्रामीणों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पर 31 मई को प्रदर्शन कर आंदोलन कर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी थी। चेतावनी के वाद प्रशासन ने समस्या का समाधान करने को पोकलेन मशीन से पोखर की सफाई कार्य शुरू कराया। वहीं ग्रामीणों ने खरंजा निर्माण की मांग को दोहराया तभी ग्रामीणों की पूर्ण समस्या का समाधान होना संभव हुआ। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी अरविन्द मलप्पा बंगारी को बताया कि विकास खंड अछनेरा के गांव रायभा के नगला लालदास में लम्बे समय से पोखर के गन्दे पानी ओवरफ्लो से रहना व जीना मुश्किल हो रहा है, गांव में संक्रमण से बीमारी फैलने का खतरा भी बना हुआ है। जिलाधिकारी ने अधीनस्थों अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्या का संज्ञान लेकर तत्काल समाधान के निर्देश दिए। प्रशासन द्वारा वर्षा से पहले ही सफाई कार्य शुरू किये जाने पर हर्ष व्यक्त करने वाले ग्रामीणों में कृष्णपाल कुशवाह, हरी बघेल, डॉक्टर रतन सिंह कुशवाह, ओमप्रकाश कुशवाह,रामसहाय कुशवाह, मुन्नालाल कुशवाह, नीरज सिकरवार, ब्रज मोहन कुशवाह, आदि हैं।

## मां और दो बेटों को सांप ने काटा : मां को इलाज को ले गए, बच्चों को सोता हुआ समझकर छोड़ गए, दोनों की मौत

### छत पर सोती मां और उसके दो मासूम बच्चों को डंसा था सांप ने, मां जाग गई थी तो अस्पताल पहुंचा दी गई बच्चों को सोता हुआ मानकर छोड़ गये थे परिजन, लौटे तो देखा कलेजे के टुकड़े नहीं रहे, परिवार में कोहराम

साध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** जगनेर थाना क्षेत्र के गांव मठ भवनई में मंगलवार तड़के एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। विमलेश पत्नी मानपाल गोस्वामी अपने दो मासूम बच्चों, आठ साल के कान्हा और पांच साल के रामू को लेकर घर की छत पर सो रही थीं। करीब 3.30 बजे अचानक कुछ ऐसा हुआ जिसने इस परिवार की दुनिया ही उजाड़ दी। विमलेश को नींद में कुछ अजीब अहसास हुआ। आंख खुली तो एक सांप नजर आया जो उसे डंस चुका था। घबराकर उन्होंने तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिजन उन्हें आनन-फानन में पहले झाड़ फूंक करने वालों के पास और फिर बाद में जगनेर सीएचसी और फिर रूपवास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज मिलने पर विमलेश की हालत में सुधार भी हो गया। लेकिन इसी बीच उनकी सबसे बड़ी पूंजी, दोनों बच्चे छत पर नींद में ही पड़े रहे। परिवार वालों को लगा कि बच्चे सो रहे हैं, जैसे वे रोज देर से उठते हैं। इसी भ्रम में परिजन उन्हें वहीं छोड़ अस्पताल चले गए। यही लापरवाही जानलेवा साबित हुई। जब काफी देर तक बच्चे नहीं जागे तो उन्हें जगाने की कोशिश की गई, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। परिजन इन बच्चों को लेकर अस्पताल भी पहुंचे, लेकिन दोनों की मौत हो चुकी थी। कन्हा और रामू को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों का अब रो-रोकर बुरा हाल है। मां विमलेश जो खुद मौत के मुंह से लौटकर आई हैं, अब अपने बच्चों की मौत के बारे में जानकर बेसुध हो चुकी हैं। पिता मानपाल अपने आंसुओं को रोक नहीं पा रहे। अब ये मां-बाप जीवनभर यही सोचते रहेंगे, काश उन्हें भी साथ ले जाते, काश एक बार झिंझोड़ कर जगा लेते। घटना के बाद सपेरों की मदद से सांप को ढूंढ निकाला गया, लेकिन यह राहत नहीं, सिर्फ औपचारिकता रह गई थी। गांव में मातम पसरा हुआ है। हर आंख नम है। मासूमों की यह असमय विदाई पूरे गांव को झकझोर गई है। गांव वाले मानपाल और उसके परिवार को ढाढस बंधा रहे हैं।परिजन राजकुमार और राहुल गोस्वामी ने बताया कि बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**सपेरे ने सांप को पकड़ा**

मां और बच्चों को काटने वाले सर्प को सपेरों की मदद से परिवार के लोगों द्वारा आस पास ढूंढ लिया गया। परिजनों ने बताया कि सांप के काटते ही महिला की नींद नहीं खुलती तो उसकी मौत भी हो सकती थी। बच्चों के मामले में किसी को उनके काटने की भनक नहीं लगी। बच्चे रोजाना देर तक सोते थे। इसलिए किसी को शक नहीं हुआ। सर्प को लेकर जानकारों ने बताया कि कॉमन क्रेट भारत में बिग फोर सांपों में से एक है, जो सांपों के काटने से होने वाली मौतों की एक बड़ी संख्या के लिए जिम्मेदार है. यह एक बहुत ही जहरीला सांप है, जिसमें एक शक्तिशाली न्यूरोटॉक्सिन होता है।



## नाबालिक को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार, बालिका बरामद

साध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** नाबालिक बालिका को बहला फुसला कर अपने साथ ले जाने वाले अभियुक्त को थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा किया गया गिरफ्तार व बालिका को सकुशल किया। 13 जून 2025 को एक पीड़ित द्वारा थाना सदर बाजार पर शिकायत दी गयी कि दिनांक 11 जून 2025 को उसके पड़ोस में रहने वाला लवकेश उर्फ गोलू उसकी पुत्री उम्र 17 वर्ष को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है, जब पीड़ित अपनी पुत्री के सम्बन्ध में जानकारी करने लवकेश के घर गया तो लवकेश के पिता द्वारा उसको गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सदर बाजार पर धारा 87/137(2)352/351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। उपरोक्त नाबालिक बालिका की शीघ्र सकुशल बरामदगी व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना सदर बाजार पर पुलिस टीम का गठन किया गया, गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना और सर्विलांस की मदद से 17 जून 2025 को तारघर चौराहे से नाबालिक बालिका को सकुशल बरामद किया गया तथा अभियुक्त लवकेश पुत्र अजब सिंह निवासी शान्ती नगर नई आबादी देवरी रोड़, थाना सदर बाजार, को गिरफ्तार किया गया पुलिस टीम द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय विक्रम सिंह,उपनिरीक्षक अजीत पटेल कास्टेबल धर्मेन्द्र कुमार महिला कास्टेबल जूली चौधरी,शामिल थी।

## मॉर्निंग वॉक पर निकले 3 लोगों समेत 4 की मौतः डिवाइडर पर बैठे लोगों पर पलटी मैक्स, अंदर फंसे ड्राइवर ने तड़पकर दम तोड़ा

साध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** मैक्स गाड़ी डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। जिस वक्त हादसा हुआ, उस समय मॉर्निंग वॉक पर निकले तीन लोग डिवाइडर पर बैठे थे। तीनों की मैक्स के नीचे दबने से मौत हो गई। पुलिस ने क्रेन की मदद से तीनों को बाहर निकाला। हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी में ही फंस गया था। वह एक घंटे तक तड़पता रहा। किसी तरह पुलिस ने मैक्स को काटकर उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मैक्स में चालक के अलावा एक और व्यक्ति सवार था। उसे पुलिस ने बाहर निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसा थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र के शाहदरा में बुधवार सुबह हुआ।

**डिवाइडर पर बैठे थे मॉर्निंग वॉकर्स, भाग नहीं पाए**

आगरा निवासी राजेश (55), हरीबाबू (65) और रामेश्वर बुधवार सुबह 4 बजे घर से टहलने निकले थे। टहलने के बाद तीनों सड़क के डिवाइडर पर बैठ गए। इसी बीच, लखनऊ की ओर से तेज रफ्तार में आ रही आम से भरी मैक्स डिवाइडर से टकराकर तीनों पर पलट गई। हादसे में तीनों गाड़ी के नीचे दब गए। वहां टहल रहे लोग मौके पर पहुंचे और बचाने के प्रयास में जुट गए। पुलिस को फोन किया गया। थोड़ी देर बाद पुलिस भी पहुंच गई और क्रेन मंगाई गई। पुलिस ने क्रेन से गाड़ी के नीचे दबे तीनों लोगों को बाहर निकाला

**एक घंटे तड़पता रहा ड्राइवर, फिर दम तोड़ा**

हादसे के बाद चालक गाड़ी में ही फंस गया था। वह एक घंटे तक तड़पता रहा। पुलिस ने पहले हाथों से गाड़ी का दरवाजा खोलने का प्रयास किया, मगर सफलता नहीं मिली। फिर कटर से गाड़ी के दरवाजे को काटकर चालक को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मैक्स में चालक के अलावा एक और व्यक्ति सवार था। उसे और मार्निंग वाक पर निकले तीनों लोगों को अस्पताल भिजवाया गया। यहां डॉक्टरों ने राजेश, हरीबाबू और रामेश्वर को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद मैक्स में भरे आम सड़क पर बिखर गए। हादसे के चलते एक घंटे तक हाईवे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से गाड़ी हटाकर यातायात बहाल कराया। पुलिस ने बताया कि मैक्स चालक कृष्णा लखनऊ से आम लेकर सिकंदरा फल मंडी जा रहा था।

**15 साल से एक साथ जाते थे मार्निंग वॉक पर**

रमेश्वर के बेटे रोहित ने बताया कि पापा हर दिन सुबह चार बजे घर से टहलने के लिए जाते थे। उनके साथ उनके पांच दोस्त भी जाते थे। मंगलवार सुबह करीब छह बजे मुझे हादसे के बारे में जानकारी हुई। मैं वहां ऑटो से पहुंचा। फिर को लेकर अस्पताल गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया कि करीब 15 सालों से पांचों दोस्त एक साथ टहलने जाते थे। आज एक लोग गए नहीं थे। जबकि चौथे साथी इन तीन लोगों से आगे निकल गए थे। वहीं मुकेश ने बताया कि जब मैं पहुंचा तो सभी गाड़ी के नीचे दबे हुए थे। पुलिस निकालने का प्रयास कर रही थी। मैक्स गाड़ी का चालक बुरी तरह से फंसा हुआ था। वह बार बार चिल्ला रहा था कि मुझे बचाओ। फिर पुलिस ने गाड़ी काटकर उसे बाहर निकाला।

**इनकी हुई मौत**

हादसे में शाहदरा निवासी 65 वर्षीय राजेश पुत्र लाखन सिंह, 60 वर्षीय रामेश्वर पुत्र बुद्धराम, 63 वर्षीय हरीबाबू पुत्र स्व. धुरीलाल, वहीं गाड़ी चालक कृष्णा की मौत हो गई। वहीं गाड़ी का क्लीनर गंभीर रूप से घायल है, जिसे उपचार के लिए एसएन अस्पताल भेजा गया है।

**पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए शव**

एसीपी छत्ता हेमंत कुमार ने बताया कि थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र में आम से भरे मैक्स वाहन के पलटने की सूचना पर स्थानीय पुलिस टीम द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर घायल व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे में मृत चार व्यक्तियों के शवों का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## मारपीट के मामले में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



साध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना निबोहरा पुलिस टीम द्वारा जान से मारने की नियत से मारपीट करने वाले एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार। 18 मार्च 2025 को पीड़ित जगमोहन द्वारा थाना निबोहरा पर तहरीर दी गयी कि दिनांक 17 मार्च 2025 को समय करीब शाम 05 बजे उसके पिताजी घर पर बैठे थे। तभी गगन पुत्र सुरेश, अशोक पुत्र जगदीश, भोलू पुत्र दुशासन, मनीष पुत्र हरिओम व धीरज पुत्र सतीश ने उसके घर में घुसकर उसके पिताजी के साथ मारपीट शुरु कर दी।

जिस दौरान उसके पिताजी को गंभीर चोटे आई। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना निबोहरा पर धारा 118(1)/191(2)/191(3)/333/351(3)/352 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। 17 जून को थाना निबोहरा पुलिस टीम द्वारा चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान चैकिंग पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि उक्त घटना में वांछित अभियुक्त गगन ग्राम नगरिया के पास है। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर तत्काल कार्यवाही करते हुये 01 अभियुक्त गगन पुत्र सुरेश निवासी ग्राम गढी गुसाई थाना निबोहरा को काली माता मंदिर ग्राम नगरिया के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त करीब 03 माह से उक्त मुकदमें में वांछित चल रहा था। जिस सम्बन्ध में माननीय न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी कर धारा 83/84 बीएनएस के तहत कुर्की के आदेश पारित किये गये। 03 अप्रैल 2025 को अभियुक्त भोला पुत्र दुशासन द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया। पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक जयनारायण निरीक्षक अपराध मौहम्मद आसिफ उप निरीक्षक संजीव कुमार उप निरीक्षक सुमित राठी उप निरीक्षक गौरव सिंह उप निरीक्षक बादल चौहान उप निरीक्षक विजय कपाडिया कास्टेबल आरिफ शामिल रहे।

## पति पत्नी ने किया सुसाइड का प्रयासः हाथ की नस काटी, पीआरवी ने दरवाजा तोड़ दोनों को निकाला, समय पर इलाज मिलने पर बची जान





साध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** शहर में बुधवार सुबह एक ऐसा मामला सामने आया, जहां अगर पुलिस समय पर न पहुंचती, तो एक परिवार का उजड़ना तय था। पति-पत्नी के बीच हुए घरेलू विवाद ने इतना गंभीर रूप ले लिया कि दोनों ने हाथ की नसें काटकर आत्महत्या का प्रयास कर डाला। लेकिन सौभाग्यवश बेटे की समय रहते की गई कॉल पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और जान बचाने का जरिया बन गई। घटना सूर्य नगर के बसेरा इंक्लेव की है। यहां रहने वाले एक दम्पत्ति के बीच रात को किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ने आत्मघाती कदम उठा लिया। पत्नी ने खुद की नस को काट लिया। पति ने बाथरूम में जाकर दरवाजा बंद कर लिया। पति की कलाई पर भी कट के निशान थे। आत्महत्या की कोशिश करने वाले दंपति ललित और उनकी पत्नी मीरा हैं। इस दंपति के बेटे को अनहोनी का अंदेशा हो गया। कुछ नहीं सूझा तो उसने तत्काल डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पीआरवी 6511 में तैनात प्रभारी नरेश कुमार और उनके चालक बेताल मौके पर कुछ ही मिनटों में पहुंच गए। घर का दृश्य देखकर दोनों सिपाही भी हिल गए। जगह-जगह खून बिखरा हुआ था। पत्नी बेहोशी की हालत में पड़ी थी और पति बाथरूम में बंद था।पुलिसकर्मियों ने तत्काल आसपास के लोगों को बुलाया, फिर बाथरूम का दरवाजा तोड़कर पति को बाहर निकाला। दोनों की हालत नाजुक थी। तुरंत एम्बुलेंस मंगवाई गई और दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। अब इलाज जारी है और डॉक्टरों के अनुसार, दोनों खतरे से बाहर हैं। विवाद की वजह पति को पत्नी का बार-बार मायके क?ल करने पर आपत्ति बताई जा रही है। पति मना करता था, लेकिन पत्नी मानती नहीं थी। इसी बात पर रात में दोनों के बीच झगड़ा हुआ और आज सुबह यह घटना हो गई।पुलिस की इस तत्परता और मानवीयता की स्थानीय लोगों ने जमकर सराहना की है। अगर कुछ मिनट की देरी हो जाती, तो इस दम्पत्ति की जान नहीं बचाई जा सकती थी।

## रेलवे ट्रैक के पास मजदूर की मौतः रात 2 बजे मिट्टी डालने का काम देखने गया था, सुबह शव मिला

साध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** थाना शमसाबाद क्षेत्र में बुधवार सुबह एक मजदूर का शव रेलवे ट्रैक किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। शव देखे जाने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आगरा भेज दिया है।

**वापस न आने पर साथी ने फोन किया तब जानकारी हुई**

मृतक की पहचान 32 वर्षीय किताब सिंह पुत्र हेमराज निवासी नगला चेते, कासगंज के रूप में हुई है। वह बीते कुछ दिनों से शमसाबाद रेलवे स्टेशन पर चल रहे मिट्टी भराव के काम में मजदूरी कर रहा था। मंगलवार रात करीब 2 बजे वह अपने साथी मजदूर रनवीर पुत्र डोरीलाल के साथ कमरे पर मौजूद था और वहां से मिट्टी देखने के लिए निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। सुबह करीब 5 बजे रनवीर ने जब किताब सिंह को कॉल किया तो फोन रेलवे कर्मचारियों ने उठाया और बताया कि वह व्यक्ति रेलवे ट्रैक के किनारे मृत अवस्था में पड़ा हुआ है।

**पुलिस बोली- ट्रेन की चपेट में आने से हुई मौत**

घटना की सूचना मिलते ही थाना शमसाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी शमशाबाद हंसराज सिंह भदौरिया ने बताया कि मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। प्रथम दृष्ट्या मामला रेल की चपेट में आने से प्रतीत हो रहा है। मृतक परिवार का इकलौता सहारा था।

**मजदूरी कर परिवार का करता था पालन पोषण**

प्राप्त जानकारी के अनुसार किताब सिंह अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था. उसके दो बेटियां और तीन बेटे हैं, जिनका भरण-पोषण वह मजदूरी करके करता था. उसकी अचानक मृत्यु ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है. परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई है, और वे इस अप्रत्याशित नुकसान से स्तब्ध हैं. स्थानीय लोगों ने भी किताब सिंह के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है और उनके घर सांत्वना देने पहुंच रहे हैं. यह घटना एक मेहनती मजदूर के परिवार की आर्थिक और भावनात्मक त्रासदी को उजागर करती है, जो अपनी मेहनत से घर चलाता था।

पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है और आगे की कार्रवाई के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट और प्रार्थना पत्र का इंतजार किया जा रहा है।

## फतेहाबाद में भीषण हादसाः एक्सप्रेसवे पर खड़े ट्रक में जा घुसी यात्री बस, दो की मौत, 32 घायल

साध्य पहल संवाददाता

**आगरा/फतेहाबाद।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर फतेहाबाद क्षेत्र में बुधवार तड़के हुए सड़क हादसे में एक यात्री बस खड़े ट्रक में जा घुसी। भीषण भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई जबकि 32 घायल हो गये। हादसा इतना भयानक था कि मौके पर चीख-पुकार मच गई, बस का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और कई लोग लहूलुहान हालत में सीटों में फंसे रह गए। यह दुर्घटना फतेहाबाद थाना क्षेत्र के टोल नंबर 21 के पास हुई, जहां दिल्ली से बिहार जा रही एक यात्री बस खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 32 लोग घायल हो गए।

**तेज धमाके से गूंजा एक्सप्रेसवे, मच गया कोहराम**

घटना देर रात करीब 1¬10 बजे की है। बस संख्या AR0vK6832 बिहार के विभिन्न जिलों के यात्रियों को लेकर दिल्ली से रवाना हुई थी। जैसे ही बस टोल नंबर 21 के पास पहुंची, वहां खड़े ट्रक (RJ29GB0730) से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस के परखच्चे उड़ गए और आगे की सीटों पर बैठे यात्री बुरी तरह घायल हो गए।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद कुछ देर के लिए पूरा एक्सप्रेसवे पर यातायात थम गया। चीखें, दर्द की आवाजें, टूटे शीशे और लहूलुहान चेहरे, पूरा दृश्य बेहद भयावह था। रेस्क्यू टीम ने सीटों में फंसे घायलों को निकाला सूचना पर तुरंत यूपीडा की रेस्क्यू टीम, पुलिस व स्थानीय एंबुलेंस मौके पर पहुंची। करीब डेढ़ दर्जन यात्रियों को बस की सीटों और खिड़कियों से काटकर बाहर निकाला गया। घायलों को एंबुलेंस से नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। मौके पर दो व्यक्तियों की मौत हो चुकी थी। उनके शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतकों की पहचान फिलहाल सार्वजनिक नहीं की गई है।

**घायलों में ये लोग शामिल**

घायलों की संख्या 32 बताई गई है, जिनमें छत्तीसगढ़ और बिहार के अलग-अलग जिलों के यात्री शामिल हैं। इनमें अनिल सोनी, सुषमा, मोहम्मद साहू, सुरेन्द्र सिंह, सूरज कुमार, घूरन महतो, अमित कुमार, भरत चौपाल, अंजू, रामदेव यादव, उमधा देवी, गजानन भारती, नारद सुनवानी, निजामुद्दीन और सुरेश महतो प्रमुख नाम हैं। पुलिस ने वाहनों को हटवाया, जांच शुरू फतेहाबाद थाना पुलिस ने क्षतिग्रस्त बस और ट्रक को क्रेन की मदद से हटवाकर टोल किनारे खड़ा करवाया। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में बस चालक की लापरवाही सामने आ रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। घायलों के परिजनों को सूचना दी जा रही है।

## आकाशीय बिजली गिरने से छह बकरियां मरीं, जल गया पेड़; 12 साल के लड़के को खरोंच तक न आई

साध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** खेरागढ़ में आकाशीय बिजली गिरने से छह बकरियों की मौत हो गई। लेकिन इस दौरान बकरियों को लेकर गए चरवाहे के बालक को एक खरोंच तक नहीं आई। मंगलवार दोपहर अचानक से मौसम ने करवट बदली। आसमान में काली घटाओं के घिरने पर झमाझम बारिश शुरू हो गई। गांव अएला निवासी सम्पत सिंह का 12 वर्षीय पुत्र अजय अपनी सात बकरियों को खेतों में चरा रहा था। बारिश से बचने को बकरियों को लेकर बरगद के एक घने पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। तभी एक बकरी भाग गई, जिसे लेने अजय पेड़ से करीब 50 कदम दूरी ही पहुंचा। तभी पेड़ पर तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी। इसकी चपेट में आकर छह बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं वज्रपात से बरगद की पेड़ की तमाम डालें और आसपास के पेड़-पौधे जल गए। जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। घटना में एक साथ हुई बकरियों की मौत से गरीब परिवार पर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

# संपादकीय

## हत्या सिर्फ हत्या है

हनीमून के लिए मेघालय गई सोनम को पति राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में गिरफ्तार कर लिया। राजा व सोनम 23 मई से लापता थे। दो जून को राजा का शव खाई में मिला था, जबकि सोनम का लापता थी। पुलिस के अनुसार उसने भाड़े के हत्यारों के साथ मिलकर साजिश रची थी। 11 मई को दोनों की परिवार की मर्जी से शादी की हुई थी। 21 मई को दंपति शिलांग पहुंचा। राज कुशवाहा सोनम के पिता की दुकान में काम करता था। जिसके साथ सोनम के रिश्ते थे। इन दोनों ने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर बीस लाख रुपये में राजा को रास्ते से हटाने की साजिश रची और पेड़ काटने वाली छोटी कुल्हाड़ी दाव ऑनलाइन मंगाई। राजा की मां का कहना है, सोनम के विवाह में रुचि न लेने व फोन न सुनने से राजा उखड़ा-उखड़ा रहता था। मगर सोनम की मां का इस पर कहना था, उनका परिवार काफी सख्त है इसलिए उनकी बेटी अपने होने वाले पति के साथ मुलाकातें नहीं कर सकती। हनीमून की बुकिंग भी सोनम ने ही करवाई थी। शादी के बाद उसका बर्ताव ससुरालियों से अच्छा ही था, वह सबसे मिल-जुल कर रही और हनीमून के दरम्यान सबसे फोन पर बातें भी करती रही। सोनम के परिजन उसे बेगुनाह बता रहे हैं और सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। परिवारों की मर्जी से शादी करने वाली नवविवाहिताओं में इस तरह का आवेश देखकर कहा जा सकता है कि परिजनों को अरेंज मैरिज को लेकर अपने विचार बदलने होंगे। जात-बिरादरी के बंधनों व आर्थिक स्तर को लेकर वैवाहिक संबंधों को बनाने की रवायतों में ढील लानी होगी। परिपक्व उम्र की लड़कियां घर के बड़ों के समक्ष जो आक्रोश व्यक्त नहीं कर पातीं, वह विवाह के उपरांत जानलेवा साबित होता नजर आ रहा है। समाज के बदलते परिवेश में बंदिशों की जगह नहीं रही है। यह गंभीर सामाजिक व पारिवारिक मसला बनता जा रहा है। इस पर गहन चिंतन की जरूरत है। विवाह पूर्व मैरिज काउंसलर व परिवार विशेषज्ञों की राय भी जरूरी है। अभी समाज दहेज हत्याओं से उबर नहीं पाया है कि यह नये तरह का संक्रमण दंपतियों को चपेट में ले रहा है। इस तरह की हत्या सोची-समझी साजिश का परिणाम होता है। मर्जी के बगैर विवाह या विवाह विच्छेदन को लेकर दायरे बदलने होंगे। सुपारी देकर मौत के घाट उतारने वाली स्त्री को माफ नहीं किया जाना चाहिए। हत्या सिर्फ हत्या है। उसमें लैंगिक पक्षपात की कोई जगह नहीं है।

# जीवन को सरल, समृद्ध और विस्तृत बनाने के शक्तिशाली तरीके

( नरेन्द्र शर्मा परवाना - विनायक फीचर्स)



क्या आपने कभी सोचा है कि एक छोटी-सी सलाह आपकी जिंदगी को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है? जीवन एक ऐसी यात्रा है, जहां हर मोड़ पर नई चुनौतियां और अवसर आपका इंतज़ार करते हैं। लेकिन अगर कोई पहले ही उस रास्ते पर चल चुका हो और उसकी सीख आपके सामने हो, तो क्या आप उसे नजरअंदाज करेंगे? दूसरों के अनुभवों को अपनाना न केवल समय और मेहनत बचाता है, बल्कि यह आपके जीवन को नई दिशा, गहराई और समृद्धि देता है। दूसरों के अनुभव आपकी सफलता का रास्ता आसान बना सकते हैं! इसलिए कहा भी जाता है कि दूसरों के अनुभवों को अपनाने से जीवन की राहें सरल होती हैं, और प्रगति के नए द्वार खुलते हैं।

**शिक्षा और करियर में मार्गदर्शन:**

सक्षम, एक युवा छात्र, कॉलेज में करियर चुनने को लेकर असमंजस में था। उसने अपने शिक्षक पुनीत से सलाह ली, जिन्होंने उसे बताया कि इंजीनियरिंग के साथ डेटा साइंस की पढ़ाई भविष्य में लाभकारी होगी। सक्षम ने पुनीत सर की सलाह मानी और एक संयुक्त कोर्स चुना। कुछ वर्षों बाद, उसे एक प्रतिष्ठित कंपनी में नौकरी मिली। पुनीत सर का अनुभव सक्षम को सही दिशा में ले गया, जिससे उसका करियर समृद्ध हुआ।

**पारिवारिक जीवन में सीख:**

नवविवाहित माया और रोहन घरेलू जिम्मेदारियों को लेकर तनाव में थे। उनकी दादी कमला ने सलाह दी कि काम बांट लें और हर सप्ताह एक-दूसरे के लिए समय निकालें। इस सलाह को अपनाकर माया और रोहन का रिश्ता मजबूत हुआ, और घर में शांति बनी रही। कमला का अनुभव उनके पारिवारिक जीवन को सुखद और सामंजस्यपूर्ण बनाता है।

**स्वास्थ्य और जीवनशैली में सुधार:**

सुरेश को मधुमेह की समस्या थी। उसके मित्र गोपाल, जो इस बीमारी से जूझ चुके थे, ने उसे नियमित व्यायाम और संतुलित आहार की सलाह दी। गोपाल ने बताया कि उसने चीनी कम की और रोज सुबह सैर शुरू की। सुरेश ने गोपाल की सलाह मानी और अपने स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार देखा। गोपाल का अनुभव सुरेश को स्वस्थ और लंबा जीवन जीने की राह दिखाता है।

**उद्यमिता में जोखिम प्रबंधन:**

युवा उद्यमी अजय अपने स्टार्टअप को लेकर चिंतित था। उसने अनुभवी उद्यमी सुनीता से सलाह ली, जिन्होंने उसे छोटे स्तर से शुरू करने और ग्राहक प्रतिक्रिया के आधार पर सुधार करने को कहा। अजय ने सुनीता की सलाह अपनाई, जिससे वह बड़े नुकसान से बचा और उसका व्यवसाय धीरे-धीरे सफल हुआ। सुनीता का अनुभव अजय के व्यवसायिक जीवन को विस्तार और स्थिरता देता है।

**सामुदायिक सहयोग से सीख:**

गांव में किसान रवि बारिश की कमी से परेशान था। बुजुर्ग किसान हरि ने उसे बूंद-बूंद सिंचाई की तकनीक अपनाने की सलाह दी, जिसे उसने स्वयं आजमाया था। रवि ने हरि की सलाह मानी और अपनी फसल बचाई। हरि का अनुभव न केवल रवि के आर्थिक जीवन को बेहतर बनाता है, बल्कि पूरे गांव को नई तकनीक अपनाने की प्रेरणा देता है।

सफलता की अन्य रणनीतियां:

दूसरों के अनुभवों को अपनाने के अलावा, सफलता पाने के लिए कुछ अन्य रणनीतियाँ भी महत्वपूर्ण हैं:

- लक्ष्य निर्धारित करें: स्पष्ट और यथार्थवादी लक्ष्य बनाएँ। उदाहरण के लिए,सक्षम ने डेटा साइंस में करियर बनाने का लक्ष्य रखा, जिसने उसे दिशा दी।
- निरंतर सीखना: नई स्किल्स सीखने और ज्ञान बढ़ाने से अवसरों के नए रास्ते खुलते हैं। अजय ने ग्राहक प्रतिक्रिया के आधार पर अपने व्यवसाय में सुधार किया।
- सकारात्मक सोच: माया और रोहन ने तनाव के बजाय समाधान पर ध्यान दिया, जिससे उनका रिश्ता मजबूत हुआ।
- नेटवर्किंग: दूसरों से जुड़ना और उनके अनुभवों से सीखना, जैसे रवि ने हरि से सीखा, सामुदायिक सहयोग को बढ़ावा देता है।
- अनुशासन और धैर्य: सुरेश ने नियमित व्यायाम और आहार के लिए अनुशासन बनाए रखा, जिसका परिणाम दीर्घकालिक स्वास्थ्य सुधार के रूप में मिला।

जीवन को समृद्ध बनाने का शक्तिशाली तरीका: सक्षम, माया, रोहन, सुरेश, अजय और रवि जैसे लोगों ने पुनीत, कमला, गोपाल, सुनीता और हरि के अनुभवों को अपनाकर अपने जीवन को समृद्ध किया। दूसरों की सीख से हम समय और संसाधन बचा सकते हैं, अनावश्यक गलतियों से बच सकते हैं, और शिक्षा, परिवार, स्वास्थ्य, व्यवसाय व सामुदायिक जीवन में प्रगति पा सकते हैं। इसके साथ ही, लक्ष्य निर्धारण, निरंतर सीख, सकारात्मक सोच, नेटवर्किंग और अनुशासन जैसी रणनीतियां सफलता को और पक्का करती हैं। दूसरों के अनुभवों को स्वीकार करना और इन रणनीतियों को अपनाना जीवन को सरल, समृद्ध और विस्तृत बनाने का एक शक्तिशाली तरीका है। महावाक्य : दूसरों की सीख को हृदय से अपनाएं, क्योंकि यही वह दीपक है जो आपके जीवन की राह को रोशन करता है और सफलता के शिखर तक ले जाता है।

## शब्द सामर्थ्य -083


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 082 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | त | ह | त | ■ | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

# नियति और यांत्रिक ख़ामियों के बीच असुरक्षित यात्राएँ

(डॉ. सुधाकर आशावादी-विनायक फीचर्स)



सभ्य समाज जीवन की मौलिकता से दूर होता जा रहा है । जीवन भी यंत्र सरीखा हो गया है। समझ नहीं आता कि नियति का सम्मान करें या यांत्रिक व्यवस्था पर ? नित्य ही देश में जिस प्रकार से दुर्घटनाएँ जीवन लील रही हैं, उससे इस प्रश्न को बल मिलता है। इस सनातन सत्य को झुठलाया नहीं जा सकता, कि अनहोनी कभी पूर्व सूचना देकर नहीं आती। जीवन मृत्यु के खेल में कब अंतिम सांसें गिन रहा व्यक्ति सांसों की सरगम के साथ स्वस्थ हो जाए और कब हँसते खेलते परिवार पर किसी पर्यटन स्थल पर, किसी यात्रा में मौत झपट्टा मार दे, यह भविष्य के गर्भ में छिपा होता है। दुर्घटनाएं कभी कभी प्राकृतिक आपदा के रूप में जीवन लीलती हैं कभी मानवीय त्रुटिवश। ऐसा आवश्यक नहीं ही होता कि संसार में किसी भी व्यक्ति ने मृत्यु पर विजय प्राप्त कर ली हो तथा वह अमर हो गया हो। यदि ऐसा होता, तो कोई भी धनवान कभी न मरता। बहरहाल भारत में मानव जनित, प्राकृतिक तथा आकस्मिक दुर्घटनाओं में मौतों का सिलसिला जारी है। पहलगाम की आतंकी घटना के बाद अहमदाबाद में उड़ान भरने के कुछ सेकिंड्स में ही एयर इण्डिया के विमान का दुर्घटनाग्रस्त होना तथा दुर्घटना की चपेट में आने से विमान यात्रियों के साथ मेडिकल हॉस्टल में भोजन कर रहे प्रतिभाशाली छात्रों का काल के गाल में समाना यही संकेत दे गया कि मानवीय भूल से जनित दुर्घटनाओं में कहीं न कहीं काल की नियति भी जीवन को प्रभावित करती है। केवल विमान दुर्घटना नहीं पुणे में इंद्रायणी नदी पर बने तीस साल पुराने पुल के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक पल पहले पुल पर आत्ममुग्धता की सेल्फी खींचने वाले कुछ लोगों का जल समाधि लेना भी अनहोनी की श्रेणी में ही आता है। उत्तराखंड में समय समय पर प्राकृतिक आपदाओं का असर मानव जीवन को लीलता रहा है। बरसों पहले उत्तराखंड के धार्मिक स्थलों पर हुई जल प्रलय को भला कैसे भुलाया जा सकता है ? धार्मिक स्थलों पर श्रद्धा भाव से कम तथा पर्यटन के भाव से लोग अधिक जाने लगे तो यात्रा को सुविधाजनक बनाने हेतु हेलीकाप्टर सेवा शुरू की गई, किंतु कभी मौसम के कारण से कभी यांत्रिक गड़बड़ी से हेलीकॉप्टर सेवा का सुरक्षित न होना चिंता का विषय बना हुआ है। हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग तथा उसके दुर्घटना ग्रस्त होने से मृत्यु जीवन के अंतिम सत्य से परिचित कराती ही है। कहने का आशय यह है कि समाज जितना अधिक भौतिक सुख सुविधाओं पर आश्रित होता जा रहा है। उतना ही अधिक उसके जीवन की सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है। बरसात के समय में जर्जर मकानों के ढहने से हर वर्ष न जाने कितनी जानें जाती हैं। यह किसी से छिपा नहीं है। विडंबना यह है कि दुर्घटना चाहे प्राकृतिक आपदा से जुड़ी हो चाहे मानवीय त्रुटि से, तथाकथित मानवाधिकार संगठन और राजनीतिक दल दुर्घटनाओं में व्यवस्थापकों की कमियां खोजने लगते हैं तथा व्यवस्था उनका मुंह बंद करने के लिए दुर्घटना का मुआवजा देकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेती है। व्यवस्था भीड़तंत्र के सम्मुख नतमस्तक रहती है। ऐसे में क्या यह आवश्यक नहीं कि प्राकृतिक आपदाओं व मानवीय त्रुटि से घटित होने वाली दुर्घटनाओं की व्यापक स्तर पर बिना किसी राजनीतिक पूर्वाग्रह के समीक्षा की जाए। सवाल बहुत हैं, किन्तु अनुत्तरित हैं।

# अहमदाबाद के बाद अब केदारनाथ हादसा

डॉ केशव पाण्डेय



अहमदाबाद की विमान दुर्घटना का मामला अभी ठंडा भी नहीं हो पाया था कि रविवार को एक और दुर्घटना ने देश को झकझोर कर रख दिया। सुबह केदारनाथ में हेलिकाप्टर क्रैश होने की खबर आई, दोपहर पुणे स्थित इंद्रायणी नदी के पुल टूटने की खबर ने स्तब्ध कर दिया। सवाल है कि देश में आखिर हो क्या रहा है? यह ठीक है कि मानवजनित चीजों पर किसी का कोई बस नहीं चलता, कब क्या हो जाए यह भी कुछ कहा नहीं जा सकता। लेकिन एक चीज है सजगता और रखरखाव। इसके इतर केरल के तिरुवनन्तपुरम में एक विमान को आनन-फानन में उतार कर किसी अनहोनी से बचा लिया। वरना, एक और काला अध्याय जुड़ जाता। दरअसल, अहमदाबाद हादसे के बाद हर कोई सकते में है कि उसके साथ भी कोई हादसा न हो जाए। अहमदाबाद हादसे के बाद डीजीसीए ने जिस तरह जाँच में सख्ती दिखाई है, निश्चित तौर पर उसका स्वागत योग्य कदम है लेकिन अक्सर यह देखा जाता है कि दुर्घटना घटित होने के बाद प्रशासन जागता है। डीजीसीए अगर पहले ही सजग होता तो शायद रखरखाव पर ध्यान दिया जाता। दुर्घटनाग्रस्त एआई 171 के मलबे से ब्लैक बॉक्स मिलने के बाद उम्मीद की जा रही है कि दुर्घटना में हुई ÷चूक ÷ जल्द सामने आएगी। ब्लैक बॉक्स से अभी कई राज सामने आएंगे। पायलट का अंतिम सन्देश मैडे, मैडे, मैडे... आया। जिसमें वो कह रहा है कि उसे थ्रस्ट नहीं मिल रहा है। यानि पायलट को अंतिम क्षणों में विमान क्रैश होने का पता चल गया था। इधर, केदारनाथ हादसे में आर्यन अवियंस कम्पनी को डीजीसीए ने नोटिस देकर सेवाओं पर विराम लगा दिया। उक्त हेलिकाप्टर में मई महीने में तकनीकी खराबी आई थी तब इसे आपात स्थिति में उतारा गया था। जाहिर है, उन तकनीकी खामियों को दूर करने व इसका स्थाई समाधान निकालने की बजाए फौरी तौर पर ठीक-ठाक करके चलताऊ कर दिया। इसी का नतीजा है कि केदारनाथ हादसे को अंजाम दे दिया। जहाँ तक पुणे हादसे का सवाल है तो इसे प्रकृतिजन्य दुर्घटना कहा जा सकता है परन्तु इसके पीछे छिपी मानवीय लापरवाही से पल्ला नहीं झाड़ा जा सकता। प्रशासन को मालूम है कि पुल कभी भी धोखा दे सकता है। पर्यटक स्थल होने के कारण अक्सर वहां वीकेंड में लोग घूमने आते हैं। सवाल है कि एक साथ इतने सारे लोगों को फिर क्यों जाने दिया। गुजरात में भी इसी तरह की दुर्घटना हुई थी जब एक साथ लोगों ने चहलकदमी करते हुए पुल को गिरा दिया था तब भारी मानवीय क्षति हुई थी। ये सारी घटनाएं बताती हैं कि हम घटनाओं के प्रति अलर्ट नहीं होते। जागते तब हैं जब दुर्घटना हो जाती है। फिर सांप निकलनेके बाद लाठी पीटने की कहावत को चरितार्थ करते हैं।



# राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी काम को करने के नए तरीके पर विचार करेंगे, इससे आपका काम आसान हो जायेगा। आज आप अपने मित्रों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनायेंगे। आज आपकी रुचि अध्यात्म में रहेगी। कारोबार और परिवार में बैलेंस बना रहेगा। अगर आप नया भी काम स्टार्ट करने जा रहे हैं तो माता पिता का आशीर्वाद लेकर ही शुरू करें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आज कई दिनों से रुका काम पूरा हो जायेगा, जिससे मन प्रसन्न होगा।

**वृषभ** — आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपको कार्यस्थल पर किसी सहकर्मी का सहयोग मिलेगा इससे आपको काम करने में आसानी होगी। आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से कोई सलाह मिलेगी। आज किसी पुराने मित्र से- मुलाकात, आपको खुशी देगी। आप आज शाम को किसी बर्थडे पार्टी में जा सकते हैं जहां आपकी मुलाकात किसी रिश्तेदार होगी। इस राशि के छात्र अपनी पढ़ाई को बेहतर बनाने के लिए अपनी डेली रुटीन में कुछ नए बदलाव करेंगे।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी विपरीत परिस्थिति में अपने धैर्य को बनायेंगे रखेंगे आपकी स्थितियां जल्द ही सुधरती नज़र आएंगी। आपका मिलनसार व्यवहार आपको लोगों का प्रिय बना देगा। आपके विरोधी आपके बारे में अफवाहें फैलाने का काम कर सकते हैं आप उनको नजरंदाज करें और आगे बढ़ें। ऑफिस में आपके काम की सराहना होगी, जूनियर आपके काम से बहुत कुछ सीखेंगे। आज आपका स्वास्थ्य एकदम ठीक रहेगा।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप कुछ समय मनोरंजन सम्बन्धी गतिविधियों में बिताएंगे। आज आपके द्वारा कुछ सराहनीय काम किए जा सकते हैं। आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। संतान पक्ष से आपको सुख प्राप्त होगा। पिता का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा। अपनी ऊर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलीयत पर भरोसा करें। किसी कठिन परिस्थिति में आपको कुछ लोगों से आसानी से मदद मिल जायेगी।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज ऑफिस के किसी काम के कारण आपकी अचानक यात्रा हो सकती है। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपको अपने काम में सहयोगियों का सहयोग मिलेगा। दाम्पत्य जीवन में खुशहाली बनी रहेगी, शाम को कहीं बाहर जाने का प्लान बना सकते हैं। इस राशि के जो लोग बेकरी के बिजनेस से जुड़े हैं उनको आज उम्मीद से ज्यादा लाभ होगा। जल्दबाजी में आकर किसी भी निर्णय को लेने से बचें पहले सोच विचार कर लें।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज कुछ महत्वपूर्ण मामलों में फैसला ले सकते हैं। धर्म और सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि हो सकती है । आज करीबी दोस्त या रिश्तेदार किसी काम में आपका सहयोग करेंगे। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस कर रही हैं उनका दिन व्यस्तता से भरा होगा। नवविवाहित दंपत्ति के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज काम करने के तरीकों में बदलाव न करके मौजूदा स्थिति पर ही फोकस करेंगे।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज अपनी भावनाओं के साथ दूसरों की भी भावनाओं का ख्याल रखेंगे। सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदुरुस्त महसूस करेंगे। मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। शाम को दोस्तों के साथ अधिक समय बितायेंगे उनके साथ भविष्य को लेकर विचार करेंगे। आज आपकी व्यावहारिक प्रवृति को देखकर लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। संगीत क्षेत्र में रुझान वालों को आज फिल्म इंडस्ट्री से ऑफर आ सकता है।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज कुछ समय अपने पारिवारिक तथा व्यक्तिगत जीवन के लिए निकालना अच्छा रहेगा। प्रोफेशनल कार्य प्रणाली में कुछ बदलाव हो सकता है। मेडिकल स्टोर वालों को आज उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होगा। लोगों के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज आपको अपनी वाणी पर संयम बनाये रखना चाहिए।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने कामों में ही व्यस्त रहें और बेवजह की गतिविधियों में रुचि ना ले। आज किसी भी प्रकार का अनुचित कार्य आपके लिए परेशानी का कारण बन सकता है। पारिवार के वरिष्ठ सदस्यों का अनुभव तथा सहयोग आपके लिए बहुत अधिक लाभदायक रहेगा। संतान पक्ष से कोई खास खुशखबरी मिलेगी, घर में सभी लोग खुश होंगे। आज किसी काम में आस पास के लोग आपके लिए मददगार साबित होंगे। जरूरत से ज्यादा सोचने के कारण आपको मानसिक उलझनों का सामना करना पड़ेगा।

**मकर** — आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप कुछ महत्वपूर्ण फैसले ले सकते हैं जो आपकी आर्थिक स्थिति और घर की व्यवस्था ठीक रखने में सहायक हो सकते हैं। धर्म और सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि हो सकती है। नकारात्मक गतिविधि वाले लोगों से दूर रहें। व्यापार को बढ़ाने के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आयेंगे। आप अपनी बातों को अपने पिता से जरूर शेयर करें, इससे जीवन में चल रही परेशानियों का हल मिलेगा। मिलजुल कर किए गए कार्यों में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। व्यवसाय में अपना पूरा ध्यान मार्केटिंग और काम के प्रमोशन में लगाएं। सही रणनीति बनाकर काम करने से सफलता की संभावनाएं बढ़ेंगी। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा, कंफ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको ठीक-ठाक फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जाएगा। आज किसी काम में लोगों का सहयोग उम्मीद से अधिक मिलने वाला है। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें। इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट्स को आज किसी मल्टीनेशनल कंपनी से ईमेल आएगा।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। इस समय कई नई तरह की गतिविधियों में भी व्यस्तता रहेगी और उचित परिणाम मिलेंगे। पहले किया हुआ काम आज पूरा हो जायेगा, जिसका सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें। अपने जज़्बात क़ाबू में रखें... फायदा होगा । आज आपको तरक्की के नए रास्ते मिलेंगे। दिक़्क़तों का तेज़ी से मुक़ाबला करने की क्षमता आपको ख़ास पहचान दिलाएगी। अचानक धन लाभ होने से आपके चेहरे पर मुस्कान बनी रहेगी।

# सिंधु घाटी की प्राचीन मुहरों से न्यूयॉर्क के योग स्टूडियो तक अनंत योगयात्रा

(विवेक रंजन श्रीवास्तव-विनायक फीचर्स)



योग का इतिहास लगभग 5000 वर्ष पुराना है । योग के प्रारंभिक प्रमाण सिंधु-सरस्वती घाटी सभ्यता (2700 ईसा पूर्व) में मिलते हैं। पुरातात्विक साक्ष्य, विशेष रूप से योग मुद्राओं वाली मुहरें, इंगित करती हैं कि योग उस समय की संस्कृति का अभिन्न अंग था । हिंदू परंपरा में भगवान शिव को %आदि योगी माना जाता है, जिन्होंने सप्तऋषियों को योग का ज्ञान प्रदान किया । वैदिक काल (1500-500 ईसा पूर्व) में योग का उल्लेख ऋग्वेद में मिलता है, जहाँ यह आध्यात्मिक एकता और ब्रह्मांडीय चेतना से जुड़ने का साधन था। उपनिषदों में योग को ÷चित्त की वृत्तियों के निरोध÷ के रूप में परिभाषित किया गया, जिसका उद्देश्य आत्म-साक्षात्कार और अंततोगत्वा मोक्ष प्राप्त करना था । योग साधना का शास्त्रीय काल दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व माना जाता है। ऋषि पतंजलि ने योग सूत्र की रचना कर योग को एक व्यवस्थित दर्शन प्रदान किया। उन्होंने अष्टांग योग की अवधारणा प्रस्तुत की, जिसमें आठ चरण शामिल थे-

1. यम (सामाजिक अनुशासन)
2. नियम (व्यक्तिगत अनुशासन)
3. आसन (शारीरिक मुद्राएँ)
4. प्राणायाम (श्वास नियंत्रण)
5. प्रत्याहार (इंद्रिय संयम)
6. धारणा (एकाग्रता)
7. ध्यान (मेडिटेशन)
8. समाधि (परम चेतना)

भारतीय दर्शन में योग की प्रमुख शाखाएँ योग प्रकार , मार्ग, प्रतिपादक के आधार पर निर्धारित की गई है।

कर्म योग, निस्वार्थ कर्म की शिक्षा देता है। भक्ति योग, भक्ति और समर्पण को और ज्ञान योग, बौद्धिक जागृति बताता है। राज योग में ध्यान और मानसिक नियंत्रण पर बल दिया जाता है। मध्यकालीन परिवर्तन हुए जब भक्ति योग से हठयोग तक के साधक हुए । मध्ययुगीन काल में योग ने विविध आध्यात्मिक परंपराओं के साथ एकीकरण किया। भगवद्गीता (200 ईसा पूर्व) ने कर्म योग, भक्ति योग और ज्ञान योग के मार्ग प्रस्तुत किए, जो व्यक्ति की प्रकृति के अनुरूप मुक्ति के विविध विकल्प प्रदान करते थे ।

11वीं शताब्दी में योगी गोरखनाथ के नेतृत्व में नाथ परंपरा का उदय हुआ, जिसने हठयोग को केंद्र में रखा। इस शैली में कुंडलिनी शक्ति को जागृत करने के लिए शारीरिक आसनों और श्वास तकनीकों पर विशेष जोर दिया गया। इसने योग के अभ्यास में एक भौतिक आयाम जोड़ा और आधुनिक योग शैलियों का मार्ग प्रशस्त किया । आधुनिक पुनर्जागरण से योग समीचीन हुआ। स्वामी विवेकानंद ने योग के वैश्विक प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। औपनिवेशिक काल में स्वामी विवेकानंद ने 1893 में शिकागो की विश्व धर्म संसद में योग का परिचय पश्चिम से करवाया। उन्होंने योग के आध्यात्मिक और दार्शनिक पहलुओं पर जोर दिया, जिससे पश्चिम में पूर्वी रहस्यवाद के प्रति आकर्षण बढ़ा । 20वीं सदी में तिरुमलाई कृष्णमाचार्य और बी.के.एस. आयंगर जैसे योगाचार्यों ने योग को विज्ञान सम्मत रूप प्रदान किया। आयंगर की पुस्तक ÷लाइट ऑन योग÷(1966) ने हठ योग को पुनर्परिभाषित किया और योग को घर-घर तक पहुँचाया । इसी काल में परमहंस योगानंद ने÷ऑटोबायोग्राफी ऑफ ए योगी÷ के माध्यम से अमेरिका में ध्यान योग को लोकप्रिय बनाया।



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून

2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा। 11 दिसंबर 2014 को 177 देशों के समर्थन से 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया । यह दिन ग्रीष्म संक्रांति (उत्तरी गोलार्ध का सबसे लंबा दिन) के रूप में चुना गया, जो भारतीय परंपरा में विशेष महत्व रखता है। 2025 में पुडुचेरी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की थीम ÷योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ÷ रखी गई है, जो वैश्विक स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति योग के योगदान को रेखांकित करती है । समकालीन परिदृश्य में डिजिटल युग में योग का विस्तार और उपयोग सार्वभौम है। आज योग ने पारंपरिक सीमाओं को पार कर डिजिटल मंचों पर अपनी उपस्थिति दर्ज की है। ऑनलाइन कक्षाएँ, योग ऐप्स और सोशल मीडिया ने योग को वैश्विक ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुँचाया है।

वैश्विक योग बाजार 2023 तक 66 अरब डॉलर से अधिक का हो गया है, जो इसकी व्यापक स्वीकृति को दर्शाता है ।

वैश्विक स्तर पर योग के प्रभाव के प्रमुख संकेत सार्वजनिक स्वास्थ्य लाभ में परिलक्षित हो रहे हैं।अनुसंधानों ने पुष्टि की है कि योग तनाव कम करता है, हृदय गति नियंत्रित करता है, शरीर का लचीलापन बढ़ाता है और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है ।

योग सांस्कृतिक आदान-प्रदान का विषय बन गया है।बैंगलोर के अक्षर योग केंद्र जैसे संस्थानों ने 12 गिनीज विश्व रिकॉर्ड स्थापित किए हैं, जिसमें 50 दिव्यांग बच्चों सहित देश-विदेश के हजारों प्रतिभागी शामिल हुए ।

शैक्षिक एकीकरण में भी योग की भूमिका दिख रही है।अमेरिका, यूरोप और भारत सहित कई देशों ने योग को शैक्षिक पाठ्यक्रम में शामिल किया है। योग साधना के सैन्य अनुप्रयोग भी हो रहे हैं । भारतीय सेना, सीआरपीएफ और पुलिस बलों में योग को अनिवार्य प्रशिक्षण का हिस्सा बनाया गया है ।

योग हमारी सांस्कृतिक विरासत और भविष्य की दिशाएँ निर्धारित कर रहा है। योग भारत की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बन गया है। यूनेस्को ने 2016 में योग को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया, जो इसके वैश्विक महत्व को मान्यता देता है। भविष्य में योग अनुकूली प्रौद्योगिकी (वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से) और चिकित्सा विज्ञान (योग चिकित्सा के रूप में) के साथ और अधिक एकीकृत होने की ओर अग्रसर है ।

# आत्मनिर्भरता और आत्म गौरव का प्रभावी माध्यम ग्रामीण पर्यटन : मुख्यमंत्री

होम-स्टे बन रहा है अतिथि देवो भव- के भाव को चरितार्थ करने का माध्यम

प्रदेश में पर्यटकों के लिए आरंभ होगी हेलीकॉप्टर सेवा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 241 होम-स्टे का किया वर्चुअल लोकार्पण

होम-स्टे निर्माण में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने वाले 10 जिला कलेक्टर हुए सम्मानित

16 ग्राम पंचायतों के सरपंच सहित संस्थाओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रामीण रंग पर्यटन संग राज्य स्तरीय उत्सव को किया संबोधित

भोपाल ब्यूरो।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्रामीण पर्यटन आत्मनिर्भरता और आत्म गौरव का प्रभावी माध्यम है। ग्राम स्तर पर पर्यटन गतिविधियों से जहां युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक उन्नति के अवसर उपलब्ध होते हैं, वहीं पर्यटन गतिविधियां, हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, तीज-त्योहार-पर्व और खानपान को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में भी सहायक होती हैं। प्रदेश में विकसित हो रहे होम-स्टे भारतीय सांस्कृतिक परंपरा के अतिथि देवो भव- के भाव को चरितार्थ करने का माध्यम बन रहे हैं। होम-स्टे संचालनकर्ता और



राज्य सरकार का यह प्रयास है कि प्रदेश में आने वाले सभी अतिथि प्रदेश के बारे में सकारात्मक छवि और अच्छी स्मृतियां साथ लेकर जाएं। पर्यटन के साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य विभाग आदि समन्वित रूप से इस दिशा में कार्य कर रहे हैं। भारतीय संस्कृति में तीर्थाटन की परंपरा सदियों से रही है। दुनिया के लोग शौक और आनंद के लिए घर से निकलते हैं, वहां भारत के लोग चारधाम की मोक्ष यात्रा पर निकलते हैं, जहां वे सनातन सांस्कृतिक मूल्यों को आत्मसात करते हुए अन्य प्रदेशों की विविध जीवनशैली और परंपराओं से परिचित होते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भारतीय मूल्यों के अनुरूप परस्पर विश्वास की भावना को बढ़ा रहे हैं। वैश्विक स्तर पर उथल-पुथल के बावजूद भी देश प्रगति पथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रामीण रंग पर्यटन संग राज्य स्तरीय उत्सव को संबोधित करते हुए यह विचार व्यक्त किए। उन्होंने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### रेस्पॉन्सिबल टूरिज्म मिशन के लिए वेबसाइट लॉन्च, प्रदर्शनी का अवलोकन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रामीण पर्यटन पर केंद्रित गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्रामीण रंग पर्यटन संग उत्सव के अंतर्गत विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों और संस्थाओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही चाक पर मिट्टी की कलाकृतियां भी बनाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के रेस्पॉन्सिबल टूरिज्म मिशन के लिए डेडिकेटेड माइक्रो वेबसाइट लॉन्च की और प्रदेश के विभिन्न गांवों में निर्मित 241 होम-स्टे का वर्चुअल लोकार्पण किया।

# वीरांगना लक्ष्मीबाई के बलिदान से युवाओं को प्रेरणा लेना चाहिए: जयप्रकाश राजौरिया

- वीरांगना ने व्यक्तिगत सुखों को त्यागकर राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिय- प्रद्युम्न सिंह तोमर

- भाजपा ने लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की



**ग्वालियर कांस।** देश को आजादी मिली में वीरांगना लक्ष्मीबाई के बलिदान से युवाओं को प्रेरणा लेना चाहिए। यह बात भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने वीरांगना लक्ष्मीबाई बलिदान दिवस पर वीरांगना की समाधि स्थल पर भाजपा ग्वालियर महानगर द्वारा पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहीं।

भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने कहा कि वीरांगना ने असाधारण साहस और अदभुत वीरता के बल पर अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए थे। उन्होंने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई ने विपरीत परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और अंतिम सांस तक मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपना बलिदान दे दिया । इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने पुण्य स्मरण करते हुए कहा कि रानी लक्ष्मीबाई का जीवन अपने देश और लोगों के प्रति पूर्ण समर्पण का प्रतीक था। उन्होंने अपने व्यक्तिगत सुखों को त्यागकर राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि मैं रानी लक्ष्मीबाई के चरणों में नमन करता हूं। रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर रानी की समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश जाटव, पूर्व जिलाध्यक्ष अभय चौधरी, पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल, सभापति मनोज तोमर, भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी जवाहर प्रजापति, जिला महामंत्रीगण विनोद शर्मा, विनय जैन, राजू पलिया, ओम प्रकाश शेखावत, सुमन शर्मा, गिर्राज कंसाना, मीना सचान, मधुसूदन भदौरिया, रामेश्वर भदौरिया, नियाज मोहम्मद, बृजेंद्र सिंह जादौन, मोहन विटवेकर, सुधीर गुप्ता, राजू सेंगर, राजेंद्र सेठ, शैली शर्मा जी, अनिल त्रिपाठी, सोमेश महंत, घनश्याम दास गुप्ता, अजय द्विवेदी, अनिल सांखला, कुलदीप चतुर्वेदी, सतेंद्र शर्मा, धर्मेंद नायक, राकेश मांझी, धर्मेंद्र आर्य, राघवेंद्र शर्मा, व्यंजना मिश्रा, विनती शर्मा, शकुंतला परिहार, आकाश श्रीवास्तव, मुकेश दुबे, प्रवीण भारद्वाज, अमित बंसल, योगेन्द्र तोमर, अरुण वाजपेई, सतपाल जादौन, अमर कूटे, परवेज खान , पंकज शर्मा, यश शर्मा, विवेक भार्गव, रवि पाण्डेय, संतोष राजौरिया, नरसिंह राठौर, चंद्रप्रकाश मिश्रा, बिरजू शिवहरे जी,अरविंद रघुवंशी, शैलेन्द्र सिकरवार,संतोष यादव, गौरव वाजपेई,अनिल सिसोदिया, जितेंद्र यादव, रूपेंद्र चौहान, सूरज ऐसवार सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।



## मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर से की सौजन्य भेंट

भोपाल ब्यूरो।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के प्रोफेसर कालोनी, भोपाल स्थित शासकीय निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने भी पुष्पगुच्छ भेंटकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत-सम्मान किया।

## जल स्रोतों की सफाई के साथ जन समुदाय ने इनके सरंक्षण की ली शपथ

भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश में 30 मार्च से शुरू किये गये जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरचनाओं की साफ-सफाई के साथ जन समुदाय में इनके संरक्षण और जल की बचत करने की शपथ ली। अभियान में जन अभियान परिषद के साथ-साथ अनेक स्वयंसेवी संस्थाओं ने आगे बढ़कर इस पुनीत कार्य में अपनी भागीदारी की।



### श्रमदान कर तालाब की साफ-सफाई की गई

छिन्दवाडा जिले में सामुहिक जनभागीदारी से जल संरक्षण के कार्य लगातार किये जा रहे हैं। जल चौपाल में ग्रामीणों को पानी की बचत के महत्व के बारे में बताया जा रहा है। कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह की पहल पर जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक संजय बामने के नेतृत्व में ग्राम पंचायत जम्बाकिराडी के दुर्गबाड़ा में ग्राम में निर्मित तालाब की ग्रामीणों ने सफाई की।

## सिकल सेल रोग उन्मूलन के राष्ट्रीय संकल्प को मध्यप्रदेश कर रहा साकार : उप मुख्यमंत्री

विश्व सिकल सेल दिवस 19 जून को 33 जिलों में लगेंगे विशेष शिविर

राज्य स्तरीय समारोह बड़वानी में

भोपाल ब्यूरो।



उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष-2047 तक देश को सिकल सेल मुक्त बनाने के लक्ष्य को लेकर सब एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं। सिकल सेल रोग के उन्मूलन के राष्ट्रीय संकल्प को मध्यप्रदेश दृढ़ता से साकार कर रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सिकल सेल एक आनुवांशिक एवं असाध्य रक्त विकार है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी स्थानांतरित होता है। इसमें लाल रक्त कणिकाएँ अर्द्धचंद्राकार हो जाती हैं, जिससे ऑक्सीजन प्रवाह बाधित होता है और व्यक्ति को तीव्र दर्द, संक्रमण व अंग क्षति जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यह रोग विशेषत- जनजातीय समुदायों में अधिक पाया जाता है और मध्यप्रदेश जैसे जनजातीय बाहुल्य राज्य के लिए एक बड़ी स्वास्थ्य चुनौती है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर 19 जून को बड़वानी में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन होगा। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे। इस अवसर पर प्रदेश के प्रभावित 33 जिलों में परामर्श, स्क्रीनिंग, रोग प्रबंधन और नि:शुल्क उपचार के लिये विशेष शिविर लगाये जायेंगे।

## मध्यप्रदेश पुलिस में ऐतिहासिक फेरबदल: 10,000 से ज़्यादा पुलिसकर्मी एक साथ बदले गए!

**भोपाल,ब्यूरो।** मध्यप्रदेश पुलिस महकमे में एक बड़ा और ऐतिहासिक फेरबदल हुआ है। पुलिस महानिदेशक (DGP) कैलाश मकवाना के निर्देश पर, प्रदेशभर में 10,000 से ज़्यादा पुलिसकर्मियों का तबादला कर दिया गया है। इस कदम को पुलिस व्यवस्था में सुधार, निष्पक्ष कार्यवाही और पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण 'सर्जरी' के रूप में देखा जा रहा है।

पिछले एक सप्ताह के भीतर पूरे प्रदेश के सभी जिलों में ये तबादले किए गए हैं। डीजीपी मकवाना ने साफ निर्देश दिए थे कि जो पुलिसकर्मी पाँच साल से ज़्यादा समय से एक ही थाने में जमे हुए थे, उन्हें तुरंत हटाया जाए। इस 'अंगद के पैर हिलाने' वाले अभियान से पुलिस महकमे में एक नया उत्साह और गतिशीलता आने की उम्मीद है।

इतिहास की सबसे बड़ी 'सर्जरी'

मध्यप्रदेश पुलिस के इतिहास में यह अब तक का सबसे बड़ा तबादला अभियान माना जा रहा है।



इसका मकसद पुलिस कार्यप्रणाली में जड़ता को तोड़ना और नए चेहरों को नई जिम्मेदारियाँ सौंपना है। अगले एक सप्ताह में ये सभी स्थानांतरित पुलिसकर्मी अपने नए थानों में पदभार ग्रहण कर लेंगे।

**सबसे ज़्यादा तबादले वाले जिले (टॉप 5)-**

* इंदौर नगरीय- 1,029
* ग्वालियर- 828
* भोपाल नगरीय- 699
* जबलपुर- 535
* नर्मदापुरम- 372

इन पाँच जिलों में सर्वाधिक तबादले हुए हैं, जो दर्शाते हैं कि बड़े शहरों में पुलिसिंग को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**आपराधिक रिकॉर्ड वालों पर भी गिरी गाज**

केवल लंबे समय से एक ही थाने में जमे पुलिसकर्मियों को ही नहीं, बल्कि डीजीपी ने उन पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को भी थानों से हटाने के निर्देश दिए हैं, जिनका आपराधिक रिकॉर्ड है या जिनके खिलाफ विभागीय जाँच चल रही है। इस कदम से पुलिस बल की शुचिता और विश्वसनीयता बढ़ाने में मदद मिलेगी। पुलिस मुख्यालय स्तर से इन निर्देशों के पालन की कड़ी निगरानी भी की जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि तबादले की यह प्रक्रिया सुचारू और प्रभावी ढंग से पूरी हो। यह बड़ा बदलाव मध्यप्रदेश की पुलिस व्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार करेगा और जनता को अधिक निष्पक्ष तथा पारदर्शी पुलिसिंग का अनुभव मिलेगा, ऐसी उम्मीद की जा रही है।

## मध्यप्रदेश में वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों के तबादले

भोपाल ब्यूरो।

मध्यप्रदेश शासन वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा दो अलग-अलग आदेशों के माध्यम से प्रदेशभर के उप आयुक्त, जिला प्रभारी और वरिष्ठ जिला पंजीयकों के तबादले किए गए हैं। इन तबादलों को प्रशासनिक दृष्टि से शुद्धि की दृष्टि से स्थानांतरित किया गया है। आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होंगे।




### पहले आदेश के अनुसार स्थानांतरित अधिकारी:

1. श्रीमती अर्चना दिनकर्त, उप पंजीयक कार्यालय, भिंड, को स्थानांतरित कर उप पंजीयक कार्यालय ग्वालियर-1 में पदस्थ किया गया है।
2. श्री अजय प्रकाश लोधी, उप पंजीयक कार्यालय, इशागढ़ जिला अशोकनगर से स्थानांतरित होकर उप पंजीयक कार्यालय मनसा जिला नीमच में पदस्थ होंगे।
3. श्री जयसिंह सिकरवार, कार्यालय उप महानिरीक्षक पंजीयन, परिक्षेत्र जबलपुर से उप पंजीयक कार्यालय, रीवा में स्थानांतरित हुए हैं।
4. सुश्री भावना परवीन, उप पंजीयक कार्यालय, राजनगर से स्थानांतरित होकर उप पंजीयक कार्यालय, जतारा, जिला टीकमगढ़ में पदस्थ की गई हैं।

### दूसरे आदेश के अनुसार स्थानांतरित अधिकारी:

1. श्री दीपक शर्मा, प्रभारी वरिष्ठ जिला पंजीयक, इंदौर-1 से देवास स्थानांतरित।
2. श्रीमती मन्जुलता पटेल, प्रभारी वरिष्ठ जिला पंजीयक, देवास से रतलाम स्थानांतरित।
3. श्री हिरेन गौतम, प्रभारी वरिष्ठ जिला पंजीयक, ग्वालियर से बुरहानपुर स्थानांतरित।
4. श्रीमती कीर्ति अवस्थी, जिला पंजीयक, सीहोर को पदस्थ किया गया है - महानिरीक्षक पंजीयन कार्यालय, भोपाल में।
5. श्री कौशलेंद्र सिंह, प्रभारी जिला पंजीयक, महानिरीक्षक पंजीयन कार्यालय भोपाल से खण्डवा स्थानांतरित।
6. श्री प्रमोद सिंह, जिला पंजीयक, बुरहानपुर से सीहोर स्थानांतरित।

यह आदेश श्री धनराजू एस, सचिव, वाणिज्यिक कर विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा हस्ताक्षरित कर 17 जून 2025 को जारी किए गए हैं।

### उमंग कार्यक्रम से 21 लाख छात्र-छात्राओं को मिला फायदा

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश के विद्यालयों में अध्ययनरत लगभग 21 लाख छात्र-छात्राओं को उमंग कार्यक्रम से फायदा मिला है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में उमंग कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संयुक्त रूप से संचालित कर रहे हैं। उमंग कार्यक्रम शासकीय हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूल में अध्ययनरत किशोर और किशोरियों के जीवन-कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है।

## वन विभाग में बड़े पैमाने पर वनक्षेत्रपालों का तबादला: 50 अधिकारियों का हुआ स्थानांतरण

भोपाल ब्यूरो।

मध्य प्रदेश शासन, वन विभाग ने प्रदेश में बड़े पैमाने पर वनक्षेत्रपालों का तबादला किया है। 17 जून 2025 को जारी आदेश क्रमांक एफ-1/1/4/0018/2025-स्द्गष्-1-10(स्नह्लक्र) के तहत, कुल 50 वनक्षेत्रपालों को प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से तत्काल प्रभाव से नवीन पदस्थापना दी गई है। यह आदेश आगामी आदेश तक अस्थायी रूप से प्रभावी रहेगा। तबादला सूची में कई प्रमुख नाम शामिल हैं, जिन्हें वर्तमान पदस्थापना से हटाकर नई जिम्मेदारी दी गई है। कुछ प्रमुख स्थानांतरण निम्नलिखित हैं-

सुश्री विधि सिरोलिया को सतवास से काटाफोड, सामान्य वनमंडल देवास भेजा गया है।
सुश्री ऋतु चौधरी काटाफोड से सामाजिक वानिकी वृत्त रतलाम में स्थानांतरित की गई हैं।
श्री सिद्धार्थ तिवारी को पुनासा, सामान्य वनमंडल उत्तर सिवनी से उत्तर समनापुर, सामान्य वनमंडल डिंडोरी भेजा गया है।
श्री श्रेयांश कुमार जैन हरदा से तेदखेड़ा, वनमंडल दमोह स्थानांतरित किए गए हैं।
श्रीमती मेघा पटेल तेदखेड़ा से अंजिनिया, उत्पादन वनमंडल मंडला में स्थानांतरित हुई हैं।
श्री मनोज कुमार वास्कले पालसेमल से राजना में पदस्थापित किए गए हैं।
श्री प्रणय श्रीवास्तव जुरा से कराहल, वनमंडल श्योपुर में स्थानांतरित हुए हैं।
श्री रंजन सिंह परिहार बोधघाट टाइगर रिजर्व उमरिया से वनमंडल सतना भेजे गए हैं।
श्री पंकज दुबे माझगांव से अजगनगा में पदस्थापित किए गए हैं।
श्री रवि सिंह भदौरिया सतना से उत्तर पन्ना में स्थानांतरित हुए हैं।
श्री बिशन सिंह मोर्य देवास से कटकूट, सामान्य वनमंडल बड़वाहा में स्थानांतरित हुए हैं।
श्री दिनेश निगम कटकूट से झाबुआ, सामान्य वनमंडल झाबुआ में पदस्थापित हुए हैं।
श्री दीपक कुमार चौधरी छिंदवाड़ा से देलाचारी, सामान्य वनमंडल पश्चिम छिंदवाड़ा में स्थानांतरित हुए हैं।
श्री संजीत रंजन सीधी से दीगना रानी, दुधमती टाइगर रिजर्व सागर में पदस्थापित हुए हैं।
श्री गौरव वानखेड़े बरमान से केवलारी, सामान्य वनमंडल दक्षिण सिवनी में पदस्थापित हुए हैं।
सुश्री सोनम जैन जबलपुर से मंडला, सामान्य वनमंडल पश्चिम मंडला में स्थानांतरित हुई हैं।
श्री शुभम खरे सीधी से मैहर, सामान्य वनमंडल मैहर में पदस्थापित हुए हैं।
श्री तपज लामाकार बालाघाट से लांजी, पश्चिम लांजी में स्थानांतरित हुए हैं।
श्रीमती नेहा घोड़ेश्वर मासुरकर दक्षिण बालाघाट से सांगाखेड़ा, सामान्य वनमंडल पश्चिम छिंदवाड़ा में पदस्थापित हुई हैं।
श्री हिमांशु राय सिवनी से दक्षिण बालाघाट में स्थानांतरित हुए हैं।
श्री राजुल कटारे नर्मदापुरम से शाहनगर, सामान्य वनमंडल पन्ना में पदस्थापित हुए हैं।
श्री गौरव गुप्ता नरसिंहगढ़ राजगढ़ से श्याओत, सामान्य वनमंडल राजगढ़ में स्थानांतरित हुए हैं।
श्री राघवेन्द्र भदौरिया श्योपुर से श्योपुर में ही दक्षिण सागर (सा.) वनमंडल से पदस्थापित हुए हैं।

### प्रदेश स्तरीय गो-शाला सम्मेलन 20 जून को

**भोपाल ।** प्रदेश स्तरीय गो-शाला सम्मेलन का आयोजन 20 जून शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से मुख्यमंत्री निवास प्रांगण भोपाल में किया जायेगा। सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री लखन पटेल शामिल होंगे। सम्मेलन में प्रदेश के समस्त जिलों से शासकीय एवं अशासकीय गो-शाला संचालकों एवं प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी श्री उमाकांत उमराव ने बताया कि सम्मेलन में गो-शालाओं में गोवंश के व्यवस्थापन के लिए लगभग 90 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की जाएगी। आचार्य विद्यासागर जीव दया गो-सेवा सम्मान योजना के अंतर्गत चयनित गो-शालाओं एवं संस्थाओं को गो-सेवा पुरूस्कार प्रदान किए जायेंगे। साथ ही डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया जाएगा। सम्मेलन में नवीन गो-शालाओं को पंजीयन प्रमाण पत्र तथा म.प्र.गो-संवर्धन बोर्ड एवं दयोदय महासंघ के सहयोग से हितग्राहियों को ट्रेक्टर ट्राली वितरण भी किया जाएगा। पशुपालन के क्षेत्र में प्रदेश के बढ़ते कदम卐 विषय पर एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी होगा।

# विकास खण्ड जखौरा के बम्हौरीकलां कोटेदार पर अंकुश कब

**घटतौली एवं मनमाने तरीके से दुकान खोलना**

**सप्लाई इंस्पेक्टर द्वारा कार्यवाही न करने का आखिर कारण क्या माना जाये**





**बम्हौरीकलां (जाखलौन)-** मुख्यालय से करीब 8 किमी0 दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत बम्हौरीकलां में सरकारी राशन की दुकान नाथूराम नामक व्यक्ति के नाम है जिसका कार्य उसका पुत्र देखता है जो कि डेढ से 2 किग्रा0 तक प्रत्येक कार्ड धारक को खाद्य सामग्री देता है यदि इस पर कोई आपत्ति जताता है तो उसके राशन कार्ड को निरस्त करने की धमकी देता है तथा लडका सदैव ही शराब में धुत रहता है किसी कार्ड धारक को 20 किग्रा0 के स्थान पर 15कि ग्रा0 ही खाद्यान में संतोष रखना पडता है क्योंकि लडके गुंडागिर्दी करने व मारने को आमादा हो जाते है यहीं नहीं शासन के द्वारा बनाये अन्त्योदय कार्ड में 21 किग्रा0 चावल तथा 14 किग्रा0 चावल देना होता है लेकिन 29 किग्रा0 राशन ही दिया जा रहा है। यही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में लोहे के तसले/प्लास्टिक के तसले तो किसी दुकान पर प्लास्टिक की बाल्टी से खाद्यान तौलकर दिया जाता है यदि कोई कार्ड धारक आवाज उठाता है तो कोटेदार द्वारा उन्हें राशन कार्ड निरस्त करने की धमकी दी जाती है तथा हरिजन का मुकदमा कराने की धमकी दी जाती है आखिरकार बम्हौरीकलां में कोई पूर्ति निरीक्षक क्यों नहीं जाता क्या पूर्ति निरीक्षक को किसी प्रकार का कोई भय रहता है या यह माना जाता है कि सुविधा शुल्क के कारण अधिकारी को अपनी जबान बंद करना पडती है गांव मे अनेक ऐसे कार्ड धारक है जिन्हें कि 2 से 5 किग्रा0 तक कम खाद्यान दिया जाता है दुकान के खुलने एवं बंद होने का कोई समय निर्धारित नहीं है देखना है कि जिलापूर्ति अधिकारी ऐसे फरमानों के विरूद्ध क्या कार्यवाही करते है जिससे कि कार्ड धारकों को सही मात्रा में खाद्यान प्राप्त हो सके। प्रार्थनापत्र पर श्यामलाल रजक पूर्व प्रधान बम्हौरीकलां सहित करीब आधा दर्जन व्यक्तियों के हस्ताक्षर बतलाये गये हैं।

# थाना नाराहट के ग्राम कलौथरा में दबंगो का आतंक

**पीडित ने लगाया पैसा लेकर रिपोर्ट दर्ज करने के गंभीर आरोप**

**न्याय के खातिर पीडित पहुंचा कप्तान की चैखट**



**कलौथरा (नाराहट)-** शासन की लाख कोशिशों के बाबजूद भी गरीब, असहाय व्यक्तियों को न्याय नहीं मिल पा रहा है दबंगो द्वारा घर में घुसकर जहां बहिन बेटियों की आबरू से खिलवाड किया जा रहा है वही पुलिस मूकदर्शक बनकर दबंगो का दे रही है साथ, आखिर योगी के आदेशों का पालन करने में पुलिस क्यों शिथिलता बरती रही है, चिन्ता का विषय ? मिली जानकारी के अनुसार ज्ञात हुआ है कि थाना नाराहट के अन्तर्गत आने वाले ग्राम कलौथरा में एक हरिजन परिवार निवास करता है जो कि मेहनत मजदूरी करके अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करता चला आ रहा है कि दिनांक 16.06.2025 को राजकुमार पुत्र रमेश जाति बरार अपनी पत्नी श्रीमती जूही को दवा कराने के लिये मोटरसाइकिल से घर से लगभग 200 मी0 दूरी पर ही पहुंचा था कि इसी गांव का दबंग रक्षपाल पुत्र रामचरन राय ने रोका तथा अशोभनीय गालियां देते हुये उससे अवैधानिक तरीके से पैसे की मांग की जब उसने मना किया तो उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट करने लगा था बचाने आयी पत्नी के साथ भी अभद्र व्यवहार करने लगा यहां तक कि उसकी तरफ जैसे ही वह झपटा तो वह चिल्लाती हुयी अपने घर की ओर भागी तथा रिपोर्ट दर्ज कराने थाना नाराहट आया जैसे ही थाने से वह अपने घर वापिस पहुंचा ही था कि रक्षपाल पुत्र रामचरन, सचिन पुत्र काशीराम ने फोन करके 8-10 गुंडो को बुला लिया जो मोटरसाइकिल पर सवार होकर राजकुमार के घर आये जिनके हाथों में लाठी, डंडा, कुल्हाडी लिये थे दरवाजे पर आकर नाम लेकर पुकारते हुये जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने लगे तथा बोले कि आज तू साले बसोर जिन्दा नहीं बच पायेगा आज तेरा व तेरे परिवार का वह हाल करेंगे जिसे कि तू जीवन भर भूल नहीं पायेगा जब घर में से कोई बाहर नहीं निकला तो रक्षपाल पुत्र रामचरन व सचिन दोंनो ही घर में घुस गये जहां पर कि राजकुमार की पत्नी अन्दर थी जिसे बुरी नियत से पकड लिया व जमीन पर पटक दिया उसके साथ घिनौना कृत्य करना चाहा जिस पर वह चिल्लायी तो उसके बदन के कपडे इत्यादि फट गये बचाने आयी सास के साथ भी वही सलूक किया गया तथा बेरहमी के साथ मारपीट की गयी जिससे राजकुमार व उसकी मां व पत्नी को कई स्थानों पर अंदरूनी चोंटे आयीं दबंग अपनी गुंडागिर्दी का ताडण्व गांव में मचा रहे थे तथा असलहों को लहराते हुये कह रहे थे कि यदि जिसको मौत प्यारी न हो वही हमारे कार्य में दखल अन्दाजी करे तथा मारपीट करते हुये अशोभनीय गालियां देते हुये व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये बोले कि रिपोर्ट तो दर्ज करा दी है अब तुम लोग गांव में नहीं रह पाओगे तुम लोगो का वह हाल कर देंगे कि कहीं पर भी मुंह दिखलाने लायक नहीं रहोगी गांव के आदमियों को आते देख गुंडे अपनी मोटरसाइकिल को छोडकर भाग गये। पीडित थाना नाराहट पहुंचा जहां पर पुलिस द्वारा आनाकानी करने की जानकारी मिली तथा पीडित ने यह भी आरोप लगाया कि 1000 रू रिपोर्ट दर्ज कराने के लेने के बाद ही रिपोर्ट दर्ज की गयी तथा वह भी सही धाराओं में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गयी। पुलिस ने 17.06.025 को मु0अ0स0 0106/2025 धारा- 333, 115 (2), 352, 351 (3)बी0एन0एस0 व 3 (1) द, ध एवं 3 (2) (अं) एस0सी0/एस0टी0 एक्ट में रक्षपाल पुत्र रामचरन, रामचरन पुत्र हल्के राय व एक अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन पीडित को अभी भी गांव मे रहने से दबंगो का आतंक कम नहीं हो रहा है और वह बार-बार धमका रहे है कि मुकदमा दर्ज तो करा लिया लेकिन अब गांव मे रहने नहीं देंगे अन्यथा हम लोगो के विरूद्ध दर्ज मुकदमे को वापिस लेकर हम लोंगो का जो खर्च हुआ वह तुम्हें भुगतान करना होगा पीडित एवं उसका परिवार गांव मे काफी डरा हुआ है यहां तक कि शौच क्रिया एवं बाजार से घर का सामान लाने में भी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। वहीं दबंग गांव में हथियार लेकर रात्रि में लहराते हुये यह कहते घूम रहे हैं कि अभी तो यह कुछ नहीं अभी फिल्म तो बाकी है। मुकदमा दर्ज होने के बाद भी मुल्जिमानों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार न करना गांव मे चर्चा का विषय बना हुआ है जबकि पुलिस दबंगो के द्वारा जिस मोटरसाइकिल पर आये थे वह मोटरसाइकिल आज भी थाने में लावारिस के रूप में जमा है। अब देखना यह है कि पीडित को न्याय मिलता है या नहीं यह तो समय ही बतलायेगा लेकिन वर्तमान में हरिजन काफी डरे व सहमे हुये है यदि पुलिस दबंगो, गुंडो को गिरफ्तार नहीं करती है तो किसी बडी अप्रिय घटना के घटने से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

थाना नाराहट पुलिस का रवैया जनता के लिये दुखदायी बना हुआ है क्योंकि दबंगो से पैसा लेकर गरीबों को न्याय न करके मात्र छोटी धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके इतिश्री कर देते है पीडित ने भी पुलिस पर 1000 रू0 लेकर रिपोर्ट दर्ज कराने के गंभीर आरोप लगाये हैं प्रार्थनापत्र पर श्रीमती जूही पत्नी राजकुमार, राजकुमार पुत्र रमेश आदि के हस्ताक्षर बतलाये गये हैं। नाराहट पुलिस के ढुलमुल रवैये से एक लडकी को न्याय न मिलने के कारण आखिर अपनी स्वयं की बलि देनी पडी जब कहीं प्रशासन की आंख खुली तो थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार को निलंबित किया गया लेकिन पीडित को न्याय कहां उसको अपनी बेटी को गंवाना ही पडा क्या निलंबन से उसकी बेटी वापिस आ सकी यह एक चिन्तनीय विषय है पुलिस कप्तान थाने की पुलिस की कार्यशैली से काफी खफा एवं असंतुष्ट है। यही कारण है कि थाना नाराहट के अन्तर्गत आने वाले कई गांव में दबंगो का आतंक बरकरार है और पीडित न्याय की खातिर कप्तान की चैखट पर न्याय पाने को भटक रही है।

# अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों को 20 जून से खाद्यान का वितरण

**अन्त्योदय राशन कार्ड धारक अप्रैल, मई, जून 03 माह की चीनी 18/-रू प्रति किग्रा0 के हिसाब से उचित दर विक्रेता से प्राप्त करें।**

**(घटतौली करने वाले कोटेदारों के विरूद्ध होगी कठोर कार्यवाही (जिलापूर्ति अधिकारी)**




**ललितपुर-** आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग उ0प्र0 जवाहर भवन लखनऊ के पत्रांक-2649/आ0पू0रा0-निःशुल्क वितरण/2024 दिनांक-16.06.2025 के द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत माह जुलाई 2025 के सापेक्ष खाद्यान आवंटित के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को 20.06.2025 से 10.07.2025 तक आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया जायेगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत अन्त्योदय (लाल राशन कार्ड धारको) को 14 किग्रा0 चावल एवं 21 किग्रा0 चावल प्रति कार्ड एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को 5 किग्रा0 खाद्यान (2.00 किग्रा0 गेंहू, 3.00 किग्रा0 चावल) प्रति यूनिट निःशुल्क उचित दर की दुकान पर वितरण किया जायेगा। जिलापूर्ति अधिकारी उमेशचन्द्र मिश्र ने अपने पत्रांक-215/जि0पू0अ0/अनुश्रवण-अनुभाग/खाद्यान आपूर्ति/2024-25 दिनांक-18.06.2025 के तहत जारी की विज्ञप्ति के माध्यम से यह भी अवगत कराया कि अन्त्योदय कार्ड धारकों को अप्रेल, मई व जून 2025 के सापेक्ष 03 माह का 03 किग्रा0 चीनी प्रति कार्ड धारक को 18/-रू प्रति किग्रा0 की दर से 54 /-रू में वितरण किया जायेगा। अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी के राशन कार्ड धारकों को सूचित किया जाता है कि वह अपने समीप के राशन की दुकान से 20.06.2025 से 10.07.2025 तक उपस्थित होकर ई-पॉश के द्वारा आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से निःशुल्क आवश्यक वस्तुयें प्राप्त कर सकते हैं। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुयें प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण की अंतिम तिथि 10.07.2025 को निःशुल्क वितरण संपन्न किया जायेगा।

उन्होंने यह भी उचित दर विक्रेताओं को निर्देश दिये है कि वह किसी भी उपभोक्ता को लोहे के तसले/प्लास्टिक के तसले, प्लास्टिक की बाल्टी, लोहे के बांटो एवं खाली वारदाना रखकर खाद्यान का वितरण नहीं करेंगे जांच के दौरान यदि किसी उचित दर विक्रेता के द्वारा ऐसा करते हुये पाया जाता है तो उसके विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। वहीं आपने जनपद के समस्त कार्ड धारकों (उपभोक्ताओं) से भी अपील की है कि यदि उचित दर विक्रेता किसी प्रकार की घटतौली या कम देता है तो उसके विरूद्ध कार्यालय दिवस में उपस्थित होकर शिकायत कर सकते हैं जिसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। शासन के आदेशों की अवहेलना किसी भी दशा में बर्दाश्त न होगी।

# बदहाल विद्युत व्यवस्था के खिलाफ आप का हल्लाबोल



**ललितपुर।** प्रदेश में बदहाल विद्युत व्यवस्था, घण्टों पावर कट के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदेशव्यापी विरोध प्रदर्शन संबंधी ज्ञापन महामहिम राज्यपाल को जिला प्रशासन के माध्यम से भेजा है। बताया कि वर्तमान में जारी भीषण गर्मी में पूरे प्रदेश में घंटों हो रही बिजली कटौती पर सरकार की कड़ी निंदा करते हुए यह ज्ञापन आम आदमी पार्टी ने भेजा है।

सरकार द्वारा प्रदेश में लगातार महंगी की जा रही बिजली और उस पर घंटों बिजली की कटौती की मार झेल रही प्रदेश की जनता इस सरकार से पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है, लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। प्रदेश में लगातार हो रही बिजली कटौती के कारण आम आदमी और किसान बेहद परेशान हैं। प्रदेश के कई जिलों में तो 10 से 12 घंटे हो रही बिजली कटौती से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। आम आदमी को अपने दैनिक जीवन में कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बच्चों का पढ़ाई करना मुश्किल हो गया है, घरों में पानी की सप्लाई प्रभावित हो रही है, और व्यवसायिक गतिविधियों भी ठप हो रही हैं। न केवल आम जनता बल्कि किसानों को भी बिजली कटौती के कारण अपनी फसलों की सिंचाई करने में परेशानी हो रही है. जिससे उनकी फसलें खराब हो रही है और उनकी आय प्रभावित हो रही है। यूपी में बिजली कटौती एक बड़ी समस्या है, लेकिन सरकार इस समस्या से निपटने के बजाए लगातार बिजली की दरों में वृद्धि के काम में लगी हुई है।

इसके अलावा यह भी देखा गया है कि सरकार द्वारा प्राइवेट कंपनियों को घरों की मीटर रीडिंग का ठेका देने के चलते कंपनिया मनमाने तरीके से लोगों के घरों में जाकर वास्तविक रीडिंग लेने के बजाय, उनकी गलत मीटर रीडिंग भरकर आम जनता पर फर्जी बिजली बिल का बोझ डाल रहीं है। प्रदेश में लगातार हो रही बिजली कटौती और इसपर प्राइवेट कंपनियों की मनमानी पर सरकार का उदासीन रवैया ये दिखाता है कि सरकार प्रदेश की जनता को अमृतकाल में नहीं बल्कि लालटेन काल में ले जा रही है। प्रदेश सरकार आम आदमी से जुड़ी समस्याओं का संज्ञान नहीं ले रही है और बुनियादी समस्याओं के निस्तारण के लिए कोई ठोस कार्ययोजना भी नहीं है। आप ने तीन सूत्रीय समस्याओं के जल्द समाधान किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., अनूप ताम्रकार, आरिफ खान, कैलाश नारायण, भागवती, महेन्द्र कुमार, भवानी, इन्द्रसिंह, शशिकांत सिंह, राजेश, खेमचंद्र, आशाराम, रमेश कुमार, हजारी लाल राजपूत, बबीता, विवेक जैन, अरून राजपूत, हरेन्द्र, भूपेन्द्र प्रताप सिंह के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# सदनशाह पर नगर पालिका ने हटाया नजूल जमीन से अवैध कब्जा



**ललितपुर।** एडीएम अंकुर श्रीवास्तव के निर्देशन मे नगर पालिका परिषद ने पालिका की आराजी संख्या 557 पर सदनशाह के पास अतिक्रमणकारियों द्वारा बाउण्ड्रीबाल बनाकर किये गये अवैध अतिक्रमण को ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा व नायब तहसीलदार सदर घनेन्द्र तिवारी सहित पुलिस बल की उपस्थित में हटाया गया।

पालिका की आराजी संख्या 557 पर अतिक्रमण कारियों द्वारा अवैध रूप से बाउण्ड्रीबाल बना लिया गया था। अतिक्रमकारियों को अधिकारियों द्वारा काफी समझाया गया कि वह किये गये अवैध अतिक्रमण को स्वयं ही हटा ले, लेकिन अतिक्रमणकारियों द्वारा उक्त कब्जे को नहीं हटाया जा रहा था, जिस पर ईओ द्वारा जेसीबी के माध्यम से उक्त बाउण्ड्रीबाल को हटाया गया।

अतिक्रमण के दौरान पालिका की सम्पत्ति पर अवैध रूप से गोमटी रखकर मास, मछली अंडा आदि का व्यवसाय कर रहे अतिक्रमणकारियों के भी मौके से खोखे डिब्बे को भी हटाया गया। इस दौरान सभी अतिक्रमणकारियों को निर्देशित भी किया गया यदि भविष्य मे पालिका की जमीन पर अतिक्रमण किया गया तो सभी अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध मामला पंजीकृत किया जयेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### घर से नकदी सहित हजारों रुपए के सामान पार

**रायपुर,कासं.।** चंदन किराना स्टोर्स के पास संतोषी नगर स्थित मकान से अज्ञात चोर ने नकदी 12 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया जानकी सोनी 50 वर्ष चंदन किराना स्टोर्स के पास संतोषी नगर टिकरापारा की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके घर के खुले दरवाजे से प्रवेश कर आलमारी में रखे नकदी 12 हजार, सोने-चांदी के जेवर व 2 नग मोबाइल पार कर दिए। चोरी गए जुमला कीमती करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### शोरूम के पास खड़ी बाइक पार

**रायपुर,कासं.।** सरोना स्थित किया शोरूम के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनीष साहू 20 वर्ष साहूपारा गुढ़ियारी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमए 1494 को सरोना स्थित किया शोरूम के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### मवेशियों को कत्लखाना ले जाते चालक गिरफ्तार

**रायपुर,कासं.।।** खरोरा पुलिस ने कत्ल खाना ले जाते युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 15 नग मवेशियों को जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सारागांव खरोरा के पास दबिश देकर माजदा वाहन क्रमांक सीजी 04 जेडी 7848 को रोककर तलाशी लिए तो उसमें से 15 मवेशियों को जब्त किया है। पूछताछ में चालक ने कत्लखाना ले जाना स्वीकार किया। मामले में पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ पशु क्रुरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

# जिले के दो एकल शिक्षक वाले मिडिल स्कूलों में हुई शिक्षको की नई पदस्थापना

**लखना एवं नकटी कुम्हारीटैंक स्कूलों में विद्यार्थियों को अब पढ़ाई मे होगी सुविधा**

**रायपुर 18 जून 2025/** छत्तीसगढ़ में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को तेजी से पूरा कराया है। जिससे रायपुर जिले में शिक्षकों की कमी वाले स्कूलों में नए शिक्षकों की पदस्थापना हुई है, जिससे विद्याथियों को बेहतर शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा मिल रही है। जिले के जिन स्कूलों में एकल शिक्षक के कारण कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था, वहां अब नए शिक्षकों की पदस्थापना की गई है । शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले के 2 मिडिल स्कूलों में एकल शिक्षक होने से वहां के बच्चे शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। साथ ही उनके पालक अपने बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए चिंतित थे। लेकिन मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया लाई गई। इसके तहत जिले के अतिशेष शिक्षकों की काउंसलिंग के माध्यम से एकल शिक्षकीय स्कूलों में पदस्थापना की गई। जिले में सफलतापूर्वक युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पूर्ण होने से जिले के तिल्दा ब्लॉक के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लखना और नकटी कुम्हारीटैंक में एकल शिक्षक स्कूलों में शिक्षकों की पूर्ति हो गई है। इन स्कूलों में नए विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। वर्षों पुरानी शिक्षकों की कमी की समस्या से निजात मिलने से ग्रामीणों ने भी खुशी जताते हुए सरकार के युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पर संतुष्टि जताई है। नए शिक्षकों की पदस्थापना से न केवल स्कूल में पढ़ाई के स्तर में सुधार होगा, बल्कि इससे स्कूली विद्यार्थियों, पालकों, ग्रामीणों और स्कूल समिति के सदस्यों में भी खुशी व्याप्त हो गई है।

### 5 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर।** आरंग पुलिस ने पंचमुखी हथबंधा तालाब के पास जुआ खेलते 5 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती व नकदी 10700 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आरंग पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पंचमुखी हथबंधा तालाब के पास सार्वजनिक स्थान के पास दबिश देकर जुआ खेलते आरोपी अर्जुन साहू 24 वर्ष सहित अन्य 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 10700 रुपए जब्त किया है।

# जिले में 19 जून को मनाया जाएगा विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस

**रायपुर ,कासं.।** जिले में 19 जून 2025 को समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सिकल सेल दिवस एवं योग जागरूकता दिवस का आयोजन कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश चौधरी ने बताया कि यह आयोजन राज्य शासन के निर्देशानुसार किया जा रहा हैं। यह आयोजन आरोग्य मेला के साथ थीम आधारित कार्यकम के रूप में किया जाएगा। कार्यकम का मुख्य उद्देश्य आमजनो को सिकल सेल एवं योग के लिए जागरूक करना और पीड़ितों को समूचित चिकित्सीय सहायता प्रदान करना है। सिकल सेल जिला नोडल अधिकारी डॉ श्वेता सोनवानी ने बताया कि सिकल सेल एक आनुवंशिक रक्त विकार है। इस दिन जिले के सभी आयुष्मान केंद्रों में सिकल सेल संबंधी निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श, 0 से 40 वर्ष आयु वर्ग की स्क्रीनिंग, जैनेटिक कार्ड वितरण एवं रोगियों के लिए विशेष स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग आम जनता से अपील करती हैं कि उक्त सिकल सेल दिवस में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में पहुंच कर स्वास्थ्य लाभ उठाएं।

# अवैध रेत भंडारण पर राजस्व और माइनिंग टीम की ने की कार्रवाई

रायपुर 18 जून 2025/ कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के निर्देशानुसार अवैध रेत भंडारण पर राजस्व और माइनिंग टीम की संयुक्त कार्रवाई। टीम ने आरंग ब्लॉक के उप तहसील समोदा से 600 घन मीटर तथा ग्राम कुटेला से 3900 घन मीटर रेत जब्त की। इस दौरान आरंग तहसीलदार श्रीमती सीता शुक्ला सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# अवैध रेत भंडारण पर राजस्व और माइनिंग टीम की ने की कार्रवाई

**रायपुर 18 जून 2025/** कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के निर्देशानुसार अवैध रेत भंडारण पर राजस्व और माइनिंग टीम की संयुक्त कार्रवाई। टीम ने आरंग ब्लॉक के उप तहसील समोदा से 600 घन मीटर तथा ग्राम कुटेला से 3900 घन मीटर रेत जब्त की। इस दौरान आरंग तहसीलदार श्रीमती सीता शुक्ला सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# डीआईजी झांसी ने रिजर्व पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

**ललितपुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र केशव कुमार चौधरी व एसपी मो.मुश्ताक ने जेटीसी, आरटीसी प्रशिक्षण तैयारियों को लेकर रिजर्व पुलिस लाइन्स का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रशिक्षण व्यवस्था, हॉस्टल, मैस एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं, प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सम्पूर्ण प्रशिक्षण परिसर को सीसीटीवी कैमरों से आच्छादित किया गया है। सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण कर सम्बन्धित को उचित व सतर्क निगरानी रखने। रख-रखाव आदि के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। प्रशिक्षणार्थियों के आवासीय परिसर का निरीक्षण कर सभी आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों के मैस व डायनिंग हॉल का निरीक्षण किया गया तथा निर्धारित मैनू के अनुरूप उच्च गुणवत्तापूर्ण भोजन बनवाने व उच्च कोटि की साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया। बाह्य विषयों के प्रशिक्षण हेतु रिजर्व पुलिस लाइन्स के पीटी, परेड ग्राउण्ड का निरीक्षण कर सभी आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। प्रशिक्षण हेतु तैयार किये गये प्रशिक्षण कक्ष (क्लास रूम्स) का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

# प्रधान जिला न्यायाधीश श्री ललित किशोर ने किया केंद्रीय जेल का औचक निरीक्षण



**ग्वालियर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ग्वालियर श्री ललित किशोर द्वारा बुधवार को केंद्रीय जेल ग्वालियर का औचक निरीक्षण किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री ललित किशोर द्वारा केंद्रीय जेल ग्वालियर के समस्त बैरकों, किचन, गौशाला, अन्न भंडार आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किचन में सफाई व्यवस्था चाक-चौबंद रखने हेतु जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया। गौशाला में गायों को समय पर चारा, घास एवं सफाई पर विशेष ध्यान दिए जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा बंदियों के समुचित इलाज हेतु फुल टाइम चिकित्सक की व्यवस्था किए जाने हेतु भी निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित बंदियो से प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा वन टू वन चर्चा की गई एवं उनकी समस्याओं को सुना गया। जेल में ऐसे निरुद्ध बंदी जिनके प्रकरण में अधिवक्ता नहीं है उनके प्रकरणों में विधिक सहायता की ओर से अधिवक्ता नियुक्त करने हेतु जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ग्वालियर श्री प्रशांत पांडे, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ग्वालियर श्री प्रियंक भारद्वाज, जिला रजिस्ट्रार श्री भूपेंद्र सिंह कुशवाहा, केंद्रीय जेल ग्वालियर के अधीक्षक श्री विदित सरवैया व जेल प्रशासन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वीरांगना के बलिदान दिवस पर भाजपा ने दी पुष्पांजलि : लक्ष्मीबाई की समाधि पर पहुंचकर भाजपा नेताओं ने किया याद

## वीरांगना लक्ष्मीबाई से हमेशा हमें संघर्ष की प्रेरणा मिलती है-जयप्रकाश राजौरिया



**ग्वालियर।** वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस के मौके पर बुधवार को भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने लक्ष्मीबाई की समाधि पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। इस मौके अवसर पर जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने कहा कि वीरांगना से हमेशा हमें संघर्ष की प्रेरणा मिलती है। आज महारानी लक्ष्मीबाई का बलिदान दिवस है, इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनको श्रद्धांजलि अर्पित की है क्योंकि उनका बलिदान ग्वालियर में हुआ था ग्वालियर वासियों को हमेशा उनसे प्रेरणा मिलती है।उनसे देशभक्ति की प्रेरणा मिलती है। ऐसे सभी महापुरुष जिन्होंने देश की आजादी में योगदान दिया है वह हमेशा से देश भक्ति की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर सभापति मनोज तोमर, पूर्व जिला अध्यक्ष अभय चौधरी,पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक शर्मा, डॉ अरविंद राय,सुमन शर्मा,मीना सचान, जिला महामंत्री विनोद शर्मा, विनय जैन,राजू पलैया,जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र राणा,रामेश्वर भदौरिया,राजू सेंगर,सुरेंद्र शर्मा, सुधीर गुप्ता,जिला मंत्री धर्मेंद्र सिंह कुशवाहा,दारा सिंह सेंगर,शैली शर्मा,गिरिराज कंसाना,डॉ कुलदीप चतुवेर्दी,सत्येंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष महेंद्र सोलंकी,पूर्व सभापति लाल जादौन,जीवाजी क्लब के अध्यक्ष राजू सेठ,जिला मीडिया प्रभारी नवीन चौधरी, सोशल मीडिया प्रभारी अरविंद रघुवंशी,आकाश श्रीवास्तव, बलराम बघेल,धर्मेंद्र नायक,डॉ राकेश बाथम,विनती शर्मा,मंडल अध्यक्ष सतपाल जादौन, अरुण बाजपेई,योगेंद्र तोमर,कौशलेन्द्र राजावत,रमाकांत मेहते,विरजू शिवहरे,रवि पांडे,गौरव बाजपेई, बीपी सिंह,केशव राजपूत,सतीश खटीक,लाल सिंह पाल,धर्मेंद्र आर्य,शकुंतला परिहार,बांके बिहारी जोशी सहित सैंकडों कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# जिले में 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध रहेगा

## मछलियों का प्रजनन काल होने से लगाया गया है यह प्रतिबंध

**ग्वालियर।** जिले में 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट, मछली के परिवहन क्रय व विक्रय पर प्रतिबंध रहेगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने मध्य प्रदेश मत्स्योद्योग अधिनियम के प्रावधानों के तहत इस आशय का प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। ज्ञात हो मत्स्योद्योग अधिनियम व नियमों के प्रावधानों तहत संपूर्ण मध्यप्रदेश में हर साल 16 जून से 15 अगस्त तक बंद ऋतुकाल रहता है। इस अवधि में मछलियों द्वारा प्रजनन कर अपनी वंश वृद्धि की जाती है। इस अवधि में मत्स्याखेट, मछली के परिवहन क्रय व विक्रय करना संज्ञेय अपराध है। मत्स्योद्योग अधिनियम के प्रावधान के तहत बंद ऋतुकाल में मत्स्याखेट, मछली के परिवहन क्रय व विक्रय करने पर दण्डात्मक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिसके तहत एक वर्ष का कारावास व पाँच हजार रुपए का जुर्माना अथवा दोनों प्रकार दण्ड दिया जा सकता है। यह प्रतिबंधात्मक आदेश ऐसे छोटे तालाबों व अन्य जल स्त्रोतों पर लागू नहीं होगा जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है। इसके अलावा अन्य समस्त नदियों एवं जलाशयों में बंद ऋतुकाल के दौरान मत्स्याखेट, मछली के परिवहन क्रय व विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। आदेश के जरिए पुलिस, राज्य परिवहन, नगर निगम, रेल विभाग इत्यादि से पिछले वर्षों की भाँति इस साल भी प्रभावी ढंग मत्स्य संरक्षण कार्य में सहयोग की अपेक्षा की गई है।

# महिला बाल विकास परियोजना बानमोर ने बाल अधिकारों के संबंध में किया जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम





**मुरैना,कांस।** बानमौर 18 जून महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना बानमोर के द्वारा शीतला मैरिज गार्डन बानमौर में बाल अधिकारों के संबंध में एक जागरूकता कार्यक्रम प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें शौर्य दल के सदस्यों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण हेतु बुलाया गया उपस्थित सभी प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षणार्थियों को पास्को एक्ट यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम जो के 2012 में लागू हुआ था यह अधिनियम 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यौन उत्पीड़न यौन शोषण और पोर्नोग्राफी जैसे अपराधों से बचने के लिए बनाया गया था अपराध की गंभीरता के अनुसार इस अधिनियम में कठोर सजा का प्रावधान है जिसमें करवा और जुर्माना भी शामिल है पास को अधिनियम के तहत बच्चों की पहचान को गोपनीयता रखना अनिवार्य होता है यदि किसी व्यक्ति को यौन अपराध की जानकारी मिलती है तो संबंधित अधिकारियों को इसकी सूचना देना अनिवार्य है यौन शोषण की शिकार हुए बच्चों के लिए पुनर्वास सेवाएं प्रदान की जाती हैं ताकि उनका शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर हो सके 2019 में पास को एक्ट में संशोधन किया गया था 18 वर्ष से कम उम्र के सभी बच्चों यौन अपराधों से बचाया जा सके इस संशोधन में मृत्यु दंड सहित कठोर सजा का प्रावधान है पास्को एक्ट एक महत्वपूर्ण कानून है जो बच्चों के यौन शोषण व उत्पीड़न को रोकने और उनके अधिकारों की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को एवं शौर्य दल सदस्यों को विस्तार से जानकारी दी गई एवं क्षेत्र में कोई भी ऐसा पीड़ित बच्चा मिले तो तत्काल पुलिस को सूचना करें एवं पीड़ित बच्चे को न्याय दिलवाएं इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास परियोजना बामोर की प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती अमिता शाक्य एवं पर्यवेक्षक मधु शर्मा, रचना वर्मा, कविता कुशवाह एवं संगीता सिंह द्वारा बाल अधिकारों से संबंधित अलग-अलग विचार विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

# नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम

## 07नं. चौराहा से एस. एल. पी. कॉलेज मुरार तक चलाया स्वच्छता अभियान




**ग्वालियर।** नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत ग्वालियर में वायु सुधार हेतु जन जागरूकता कार्य के अंतर्गत मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग प्रोग्राम के तहत 07नं. चौराहा से एस. एल. पी. कॉलेज मुरार तक अभियान चलाकर सडकों की साफ सफाई कराई गई तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार आज मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग प्रोग्राम के तहत नगर पालिक निगम ग्वालियर की सहयोगी संस्था म्यूज फाउंडेशन एवं संस्था डिवाइन द्वारा नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अंतर्गत 07नं. चौराहे से एस. एल. पी. कॉलेज मुरार तक माइक्रो डस्ट क्लीनिंग का कार्य किया गया। इसमें डिवाइडर्स और फुटपाथ के आस पास की माइक्रो डस्ट और कचरा साफ करवाया गया। रोड पर सभी दुकानदारों को साफ सफाई रखने, डस्टबिन का उपयोग करने कचरा न जलाने की सलाह दी एवं वायु प्रदूषण के रोकथाम के उपायों के बारे में समझाया गया। अपना शहर अपनी धरोहर क्षेत्र में कार्य करते हुए स्वच्छता का संकल्प लिया गया। टीम के द्वारा न केवल सार्वजनिक स्थलों की सफाई करवाई, वहाँ उपस्थित आमजन को जागरूक करते हुए स्वच्छता का संकल्प भी दिलवाया गया।

# सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा में वीरांगना लक्ष्मीबाई को याद कर ली राष्ट्रीय एकता व अखडंता की शपथ




**ग्वालियर।** वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस 18 जून 2025 पर नगर निगम की ओर से समाधि स्थल पर आयोजित सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन प्रातः 7.30 बजे किया गया। सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा में सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, सभापति श्री मनोज सिंह तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुंवर सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजोरिया, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, अपर आयुक्त नगर निगम श्री विजय राज सहित भारत स्वाभिमान मंच एवं पतंजलि योगपीठ की बहने व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुंवर सिंह द्वारा सभी गणमान्य नागरिकों को राष्टीय एकता व अखडंता की शपथ दिलाई गई।

# नागरिकों की सुविधा के लिए चेतकपुरी चौराहे से माधव नगर गेट एवं कुलदीप नर्सरी तक रोड निर्माण का कार्य पूर्ण, डिवाइडर का कार्य शीघ्र होगा पूर्ण

**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए चेतकपुरी चौराहे से माधव नगर गेट एवं कुलदीप नर्सरी तक किए जा रहे रोड निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा डिवाइडर का कार्य किया जा रहा है जो कि शीघ्र पूर्ण होगा। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम ग्वालियर द्वारा आम नागरिकों की सुविधा को देखते हुए चेतकपुरी रोड पर किए जा रहे हैं निर्माण कार्य को पूर्ण कर लिया गया है, जिससे अब वहां से प्रतिदिन हजारों की संख्या में निकलने वाले राहगीरों को सुविधा होगी एवं सुगम यातायात व्यवस्था क्षेत्र में रहेगी । क्षेत्र में रोड निर्माण कार्य के साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए डिवाइडर का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है, जो कि कुछ ही समय में शीघ्र पूर्ण हो जाएगा जिससे वहां से बड़ी संख्या में गुजरने वाले आम नागरिक लाभान्वित होंगे।

# निपुण भारत मिशन के अंतर्गत दो दिवसीय गणित विषय का रिफ्रेशर प्रशिक्षण डाइट मुरैना में सम्पन्न

## डायट प्राचार्य श्री एस.एस. तोमर, सहायक संचालक वर्षा कोली, निपुण प्रोफेशनल दुर्गेश सिंह ने प्रशिक्षण का किया निरीक्षण



**मुरैना,कांस।** नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत संचालित निपुण भारत मिशन, जिसे मध्यप्रदेश सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मिशन अंकुर कार्यक्रम के नाम से सभी प्राथमिक विद्यालयों में संचालित किया जा रहा है। जहां कक्षा 1 से 4 तक में पढ़ाई कर रहे बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान के लक्ष्यों को प्राप्त करने के उद्देश्य से विभिन्न नवाचार किये जा रहे है। प्रत्येक कक्षों में शिक्षकों के लिए शिक्षक संदर्शिका, बच्चों को प्रगति देखने हेतु आकलन ट्रैकर, विषयवार पाठ्यपुस्तक, अंकुर अभ्यास पुस्तक, शिक्षक शिक्षण सामग्री (टीएलएम) का वितरण किया गया है। इसी क्रम में गणित विषय पढ़ाने वाले कक्षा 1, 2 के शिक्षकों का दो दिवसीय गणित एफएलएन रिफ्रेशर प्रशिक्षण में निरीक्षण करने पहुंचे डायट प्राचार्य श्री एसएस तोमर और सहायक संचालक वर्षा कोली ने शिक्षकों को प्रशिक्षण में बताएं गए समस्त बदलाओं को विद्यालयों में लागू करने हेतु प्रेरित किया। सहायक संचालक वर्षा कोली ने शिक्षकों से बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अलग-अलग कक्षावार निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार क्रियाकलाप के माध्यम से पठन पाठन कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि बच्चों में विषय की बुनियाद का होना सबसे आवश्यक है, सभी मिलकर इसके लिए प्रयास करें। निपुण प्रोफेशनल दुर्गेश सिंह ने प्रशिक्षण में बताया कि एनसीईआरटी द्वारा राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा, बुनियादी स्तर 2022 (एनसीएफ एफएस 2022) में बताए गए सुझाव के अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश सरकार द्वारा कक्षा 1 और 2 की पाठ्यपुस्तक में बदलाव किया गया है। अब गणित के जादू की जगह आनंदमय गणित की पाठ्यपुस्तक सभी विद्यालयों में लागू की गई है। कक्षावार लक्ष्यों में भी परिवर्तन किया गया है, सीसीपीए की जगह एलएसआरडब्लू और फोर ब्लॉक का उपयोग शिक्षक संदर्शिका में किया गया है। इस अवसर पर डायट व्यख्याता श्री सुदेश सक्सेना, श्री पंकज शर्मा, प्रशिक्षण प्रभारी श्री पंजाब सिंह यादव, मास्टर ट्रेनर श्री महावीर प्रसाद शर्मा, श्री रामकुमार भारद्वाज, श्री संतोष कुलश्रेष्ठ, श्री ब्रिजेश शर्मा और समस्त प्रतिभागी शिक्षक उपस्थित थे।

# अ.भा.धोबी महासभा के अर्जुन सिह रजक जिला प्रभारी नियुक्त



**मुरैना,कांस।** अखिल भारतीय धोबी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री बलवीर नीबोरिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री मनोज सुल्ताने, चम्बल संभाग के संभागीय अध्यक्ष श्री यदुनाथ सिह वर्मा एवं म.प्र. युवा इकाई के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष श्री मनीष रजक (गुना) की अनुशंसा पर जिले के युवा कार्यकर्ता समाज के प्रति हमेशा तत्पर रहने वाले समाज सेवी अर्जुन सिंह रजक निवासी छौंदा को महासंघ की युवा इकाई का जिला प्रभारी नियुक्त किया है। अर्जुन सिंह रजक ने अपने मनोनयन पर महासंघ के वरिष्ठ पदाधिकारियो का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौपी गई है, उसे वे पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन कर समाज एवं संगठन को मजबूत करने का पूर्ण प्रयास करेंगें। श्री रजक के जिला प्रभारी बनने पर उन्हें उनके मित्रों, शुभ चिन्तको एवं महासंघ के पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओ ने बधाई दी बधाई देने वालो में प्रदेश सचिव आकाश रजक,युवा इकाई जिलाध्यक्ष राजू रजक,श्री दिनेश पटेल,राकेश रजक,, महाराज सिंह रजक, रिन्कू रजक,बलवीर रजक,जितेन्द्र रजक, प्रकाश रजक, विनोद रजक,विनोद रजक जौराखुर्द,बॉबी रजक, संदीप रजक आदि।

# लक्ष्मीबाई महिला सशक्तिकरण की प्रतीक, नारी की भूमिका को राष्ट्र योद्धा के रूप में स्थापित किया : डॉ. सिकरवार

## रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर पौधारोपण किया, व्याख्यानमाला का आयोजन हुआ



**मुरैना,कांस।** अमर शहीद रानी लक्ष्मीबाई की वीरता और बलिदान को स्मरण करते हुए बिस्मिल शिक्षा एवं जनकल्याण सेवा संस्थान द्वारा एक प्रेरणादायक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकगण, और समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। इस मौके पर वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए रानी लक्ष्मीबाई के साहस, स्वाभिमान और देशप्रेम को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया। सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संकल्प लिया। शिक्षा एवं जनकल्याण सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. नरेश सिंह सिकरवार ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई सम्पूर्ण राष्ट्र की नारी शक्ति की आत्मसम्मान और स्वराज्य की चेतना की प्रतीक हैं। मातृ भूमि की रक्षा के लिए उन्होंने जिस वीरता, नीति और नेतृत्व का परिचय दिया, वह आज भी हर भारतीय के मन में गर्व और प्रेरणा का स्रोत है। उनका जीवन यह प्रमाणित करता है कि संकल्प, साहस और समर्पण के बल पर कोई भी असंभव कार्य संभव किया जा सकता है। रानी लक्ष्मीबाई ने नारी की भूमिका को केवल घर-परिवार तक सीमित न रखते हुए राष्ट के लिए समर्पित योद्धा के रूप में स्थापित किया। वे महिला सशक्तिकरण की वह जीवित मिसाल हैं, जिन्होंने यह दिखाया कि स्त्रियाँ केवल कोमल नहीं, कठोर संघर्ष की प्रतिमूर्ति भी बन सकती हैं। डॉ. सिकरवार ने युवाओं को आह्वान करते हुए कहा कि वे रानी लक्ष्मीबाई के जीवन से प्रेरणा लें और अपने अंदर कर्तव्य, परिश्रम और देशभक्ति की भावना जागृत करें। उन्होंने कहा कि आज देश को फिर ऐसे नायक-नायिकाओं की आवश्यकता है जो व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज, शिक्षा और राष्ट निर्माण में योगदान दें। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे रानी लक्ष्मीबाई के जीवन से सीख लें और समाज तथा राष्ट निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। आयोजन में अंत में रानी लक्ष्मीबाई को श्रद्धांजलि अर्पित कर राष्टगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मुख्य रूप से विमलेश यादव, सतंजय मिश्रा, शिवराज जालौन, राजेंद्र शर्मा, विनोद शर्मा, अजय राजपूत, रघुराज परमार , डॉ हरेंद्र तोमर, कुबेर खरे आदि शामिल रहे।

# गंदगी व नगर की यातायात व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने दिया ज्ञापन



**सबलगढ़/**ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सबलगढ़ द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र सिंह जादौन के नेतृत्व में एक ज्ञापन एसडीम अरविंद माहौर को दिया गया जिसमें नगर की यातायात व्यवस्था की खस्ता हालत होने से प्रतिदिन दुर्घटना होने की वह नगर में गंदगी का साम्राज्य होने के संबंध में ज्ञापन के माध्यम से एसडीएम से यह मांग की गई कि नगर सबलगढ़ के मध्य से नेशनल हाईवे 552 गुजरता है जिस पर भारी वाहनों का अत्यधिक दबाव है दिन रात वाहन निकलते रहते हैं सड़क सुरक्षा व यातायात को लेकर प्रशासन की ओर से किसी भी चौराहे एवं बस स्टैंड पर कोई पुलिसकर्मी दिखाई नहीं देता है इस कारण नगर में प्रतिदिन जाम लगा रहता है आए दिन दुर्घटना होती रहती हैं कल दिनांक को सिविल अस्पताल के पास भी डंफर की टक्कर से पिता पुत्र की दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी किंतु प्रशासन के द्वारा कोई सार्थक कदम यातायात को लेकर नहीं उठाया गया जब यात्री बसें बस स्टैंड से निकलती है तब वह धीरे-धीरे निकलती है जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होकर जाम की स्थिति बनती है वहीं नगर में चारों तरफ गंदगी फैली हुई है नगर पालिका पूरी तरह से निष्क्रिय बनी हुई है आगे बरसात का मौसम है नालों की सफाई नहीं हुई है बेनीपुरा में कुछ नालों की हालत बद से बदतर है नगर पालिका प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है शहर के संतर नंबर एक से पांच तक की गंदी गलियों में गंदगी पसरी हुई है और शहर में झाडू भी नहीं लग रहा है नगर की यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित कराई जावे इससे आए दिन लगने वाले जाम से आम नागरिकों को राहत मिल सके साथ ही शहर की गंदी गालियां एवं नई नालियों की मोहल्ले की सफाई हेतु नगर पालिका परिषद को निर्देशित कर सफाई कराई जावे इससे किसी बड़ी महामारी से शहर को बचाए जा सके ज्ञापन के दौरान,कमल सिंह रावत,सुरेन्द्र सिंह जादौन पार्षद सोनू फौजी,श्रीपति प्रजापति,अभिषेक पचौरी आदि मौजूद रहे।

# जिले में अब तक 34.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज जिले की औसत वर्षा 706.9 मिलीमीटर है

**मुरैना,कांस।** मुरैना जिले में 01 जून से 18 जून, 2025 तक 34.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो गत वर्ष की तुलना में 30.2 मिलीमीटर वर्षा अधिक है। पिछले वर्ष इसी अवधि में 4.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख मुरैना ने बताया कि जिले में 01 जून से 18 जून तक सर्वाधिक वर्षा जौरा में 60 मिलीमीटर दर्ज की गई है। मुरैना में 50.2, कैलारस में 45, पोरसा में 23, सबलगढ़ में 22 और अम्बाह तहसील में सबसे कम 9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। 18 जून, बुधवार को सर्वाधिक 39 मिलीमीटर वर्षा जौरा में दर्ज की गई है। कैलारस में 36, सबलगढ़ में 18, मुरैना में 12, अम्बाह में 4 और पोरसा में 3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जबकि जिले की औसत वर्षा 706.9 मिलीमीटर है।

# नूराबाद पुलिस ने अवैध गांजा पकडा

**मुरैना,कांस।** नूराबाद थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर से नूराबाद टेकरी पहाडी के पीछे 17 पैकेट गांजे के एवं एक कार जप्त की है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस द्धारा पकडे गए 17 गांजे के पैकेट की कीमत साढे तीन लाख रूपये बताई गई है। तथा दस लाख रूपये कार की कीमत आंकी गई है। थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियो के खिलाफ8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

सत्यमेव जयते

मध्यप्रदेश शासन

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन-2047

# विश्व सिकल सेल दिवस-2025

## राज्य स्तरीय कार्यक्रम



**नरेन्द्र मोदी,** प्रधानमंत्री



**मंगुभाई पटेल,** राज्यपाल



**डॉ. मोहन यादव,** मुख्यमंत्री

मुख्य अतिथि
## मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

अध्यक्षता
## डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

19 जून, 2025 I अपराह्न 12:30 बजे
तलुन खेल मैदान, बड़वानी

## स्वस्थ भविष्य की ओर मध्यप्रदेश

- जनजातीय बहुल जिलों में एक करोड़ से अधिक स्क्रीनिंग पूर्ण की गई, जिसमें 29,227 सिकल सेल रोगी एवं 2,03,758 सिकल वाहक चिन्हित
- परिवारों की काउंसलिंग कर 80 हजार से अधिक काउंसलिंग कार्ड वितरित
- नेशनल सिकल सेल पोर्टल के माध्यम से स्क्रीनिंग, जांच एवं रोगियों की सतत मॉनिटरिंग
- गर्भावस्था में सिकल सेल रोग की जांच एवं प्रबंधन के विशेष प्रयास एवं नवाचार
- रोगियों को निःशुल्क उपचार, निःशुल्क औषधियां एवं ब्लड ट्रांसफ्यूजन की सम्पूर्ण व्यवस्था उपलब्ध
- आदिवासी इलाकों में सिकल सेल रोग के प्रति जागरुकता हेतु व्यापक प्रचार- प्रसार
- मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं तथा प्रबंधकीय एवं चिकित्सकीय स्टाफ का निरंतर प्रशिक्षण
- गंभीर इन्फेक्शन से बचने के लिए वैक्सीनेशन की उपलब्धता सुनिश्चित
- सिकल सेल रोगियों के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र/UDID कार्ड/पेंशन योजनाओं का लाभ
- आदिवासी स्कूलों, कॉलेजों, छात्रावासों में निरंतर स्क्रीनिंग, जांच शिविर एवं एन.जी.ओ., स्वयंसेवी संस्थाओं की सहायता से प्रचार-प्रसार





D-11046/25

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025